▪ आश्विन शुक्ल - 7 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 88 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 21-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 बिहार के लोग देश-विदेश में चौथी औद्योगिक क्रांति में योगदान दे रहे हैं : द्रौपदी मुर्मू

6 विरोधियों से नहीं, अपनों से सामना करते राजनीतिक दल

7 कांग्रेस इस तरह व्यवहार करेगी तो उसके साथ कौन खड़ा होगा : अखिलेश

# ‘नमो भारत’, भविष्य के भारत की झलक : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गाजियाबाद/वार्ता।** देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन ‘नमो भारत’ को राष्ट्र को समर्पित करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह ट्रेन भविष्य के नये भारत की झलक प्रस्तुत करती है। मोदी ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक शुरु की गयी रैपिडएक्स रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है। यह पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होने देशवासियों से संकल्प भी लिया कि रेल उनकी संपत्ति है और इसको किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचायेंगे और न ही किसी को ऐसा करने की इजाजत देंगे।





■ मोदी ने रैपिडएक्स रेल सेवा को हरी झंडी दिखायी

विपक्षी दलों पर तंज कसते हुये उन्होने कहा लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से पर ‘नमो भारत’ का संचालन प्रारंभ हो गया है। जिसका शिलान्यास हम करते हैं उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। इसका मेरठ वाला हिस्सा एक डेढ़ साल के बाद पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। उन्होने कहा, शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय रेल के कायाकल्प होने का दशक है। इस दस साल में पूरी रेल आपको बदली नजर आयेगी। मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है और न ही मरते मरते चलने की आदत है। आज की युवा पीढी को गांरटी देना चाहता हूं कि दशक के अंत तक भारत की ट्रेनों को दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं पायेंगे। सुरक्षा,सुविधा,सफाई,सामंजस्य, संवेदना,सामर्थ्य के दम पर भारतीय रेल दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारतीय रेल 100 फीसदी बिजलीकरण के लक्ष्य से बहुत दूर नहीं है। आज नमो भारत शुरू हुयी है। इससे पहले वंदे भारत के रूप में आधुनिक ट्रेन देश को मिली। देश में मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर भी बहुत तेजी से काम चल रहा है। यातायात के माध्यमों को आपस में जोडा जा रहा है। ‘नमो भारत’ में इसका ध्यान रखा गया है। यह ट्रेन मेरठ,गाजियाबाद मेट्रो,बस अड्डे को आपस में जोडेगी। अब यात्रियों को ट्रेन से उतरने के बाद घर और दफ्तर के लिये दूसरा साधन नहीं तलाश करना पड़ेगा। मोदी ने कहा कि

■ **मेरी सरकार का प्रयास है कि बदलते भारत में देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे। लोग स्वच्छ हवा में सांस लें। कूड़े करकट के ढेर हटें। यातायात के अच्छे साधन हो। इलाज की अच्छी व्यवस्था हो**

सरकार का प्रयास है कि बदलते भारत में देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे। लोग स्वच्छ हवा में सांस लें। कूड़े करकट के ढेर हटें। यातायात के अच्छे साधन हो। इलाज की अच्छी व्यवस्था हो। उन्होने कहा कि आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा ‘नमो भारत ट्रेन’ राष्ट्र की समर्पित हुई है। हमारे यहां नवरात्रि में शुभ कार्य की परंपरा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी मां कात्यायनी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर सभी कर्मचारी महिलाएं हैं। ये भारत की नारीशक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है।



### काल रात्रि

**एकवेणी जपाकर्णपुरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोह लताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।**

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्माण्ड के सदृश गोल हैं। इनके विद्युत के समान चमकीली किरणें नि:सृत होती रहती हैं। इनकी नासिका के श्वांस प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ अर्थात गदहा है। ऊपर उठे दाहिने हाथ की मुद्रा वरमुद्रा, नीचे दाहिने तरफ अभय मुद्रा है। बायी तरफ ऊपर हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग है।

### फर्स्ट टेक

## वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नई दिल्ली/वार्ता।** वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा। इसके साथ चंद्रग्रहण पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमेरिका, उत्तर-पूर्वी अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को होगा और यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। भारत में दिखाई देने वाला आखिरी चंद्रग्रहण आठ नवंबर, 2022 को था और यह पूर्ण ग्रहण था। चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर देर रात एक बजकर पांच मिनट से लेकर दो बजकर 24 मिनट तक यानि यह एक घंटा 19 मिनट का रहेगा। अट्ठाइस अक्टूबर को शाम में चार बजकर पांच मिनट पर चंद्रोदय हो जाएगा।

21-10-2023 सूर्यास्त 5:46 बजे | 22-10-2023 सूर्योदय 6:00 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,397.62 | 19,542.65 |
| (-231.62) | (-82.05) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,229 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### दुर्गा पूजा



शुक्रवार को पटना में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान बंगाली अखाड़ा में षष्ठी के दिन सामुदायिक पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की एक मूर्ति।

## जासूसी के आरोप में पाकिस्तानी मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार को पाकिएएस्तानी मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो कथित तौर पर पाकिस्तानी अधिकारियों को व्हाट्सऐप के जरिए ट्रैकिंग मैलवेयर भेजकर भारतीय रक्षा कर्मियों की जासूसी करने में मदद करता था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी को 2005 में भारतीय नागरिकता दी गई थी। रक्षा कर्मियों की जासूसी करने के लिए पाकिस्तान से संचालित एक भारतीय व्हाट्सऐप नंबर के बारे में सैन्य खुफिया द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर, एटीएस ने आणंद जिले के तारापुर शहर से 53 वर्षीय लाभशंकर माहेश्वरी को पकड़ा।

# नौसेना को तीसरा विध्वंसक पोत ‘इम्फाल’ मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत ‘इम्फाल’ शुक्रवार को नौसेना को सौंप दिया।

एमडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव सिंघल तथा नौसेना के रियर एडमिरल संजय साधु ने आज इससे संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये।



स्वदेशी स्टील से निर्मित इम्फाल देश के सबसे बड़े विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है, जिसकी कुल लंबाई 164 मीटर है और विस्थापन 7500 टन से अधिक है। यह शक्तिशाली युद्धपोत समुद्री युद्ध में विभिन्न प्रकार के कार्यों और मिशनों को पूरा करने में सक्षम है।

# निवेशकों को अब आतंकवाद के जोखिम का भी रखना होगा ध्यान : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद से दुनिया का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है और अब निवेशकों को इसके जोखिम को भी ध्यान रखना होगा।

श्रीमती सीतारमण ने वित्त मंत्रालय के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ द्वारा आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव -2023 में ’नेविगेटिंग ए वर्ल्ड ऑन फायर’ विषय पर अपने संबोधन में कहा कि दुनिया भर में आतंकवाद से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। व्यावसायिक निर्णय लेने में जोखिम या अनिश्चितता के उस स्तर के आने से, निवेश को स्थायी रूप से अनिश्चितता और उच्च जोखिम का सामना करना पड़ेगा। व्यवसायियों को अब केवल नीतियों या अर्थव्यवस्था के खुलेपन से आकर्षित नहीं किया जा सकता है। निवेशकों और व्यवसायियों को अपने निर्णय लेने में जिस जोखिम को ध्यान में रखना होगा, वह वैश्विक आतंक के प्रभाव से काफी प्रभावित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को साझा करते हुए वित्त मंत्री ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में भारत की सफलता और इसके परिणामस्वरूप देश में हुए वित्तीय समावेशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने जलवायु वित्तपोषण और वैश्विक आतंक जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों की आवश्यकता पर भी बात की।



अपने संबोधन के दौरान श्रीमती सीतारमण ने भारत की अध्यक्षता के तहत जी20 फाइनेंस ट्रैक के प्रमुख निष्कर्षों पर भी प्रकाश डाला।

# इसरो परीक्षण मिशन के प्रक्षेपण के साथ पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)/भाषा।** शनिवार को एकल-चरण तरल रॉकेट के प्रक्षेपण के जरिये पहले ‘क्रू मॉड्यूल’ परीक्षण के साथ ही इसरो अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम ‘गगनयान’ की यात्रा को रफ्तार देगा। यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।



इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास करेगी, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया है। इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है। इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा।

# हमास का सफाया करने के लिए गाजा पट्टी में इजराइल ने की बमबारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइल ने शुक्रवार तड़के गाजा पट्टी के उन इलाकों को निशाना बनाकर बमबारी की, जहां फलस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा गया था। इसके अलावा, इजराइल की सेना ने लेबनान की सीमा से लगे इजराइली शहर को खाली कराना भी शुरू कर दिया, ताकि वह गाजा पर जमीनी की तैयारी कर सके।

इस युद्ध के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में आतंकी समूह हमास का सफाया करने के बाद, सेना की गाजा पट्टी में लोगों के लिए कोई योजना नहीं है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने देश के सांसदों को जानकारी देते हुए यह टिप्पणी की। यह पहली बार है, जब किसी इजराइली नेता ने गाजा के लिए अपनी दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की।





गैलेंट ने कहा कि इजराइल को उम्मीद है कि हमास के साथ उसके युद्ध के तीन चरण होंगे। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना पहले हवाई हमलों और जमीनी युद्ध के साथ गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला करेगी, फिर प्रतिरोध वाले क्षेत्रों को काबू करने के बाद अंत में यह गाजा पट्टी में लोगों के जीवन की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएगी।

गाजा के दक्षिण में स्थित खान यूनिस शहर में इजराइल की सेना ने हवाई हमले किए। घायल पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को शहर में नसीर अस्पताल ले जाते देखा गया। गाजा का यह दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल पहले से ही मरीजों से भरा हुआ है और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल लाये जा रहे हैं।

## अमेरिका ने यरुशलम की ओर आ रहीं तीन मिसाइलें नष्ट कीं

**खान यूनिस/एपी।** अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत ने बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर जा रही मिसाइलों को मार गिराया। वहीं, इराक और सीरिया में अमेरिकी शिविरों को बार-बार ड्रोन हमलों से निशाना बनाया गया। उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस कार्नी ने यमन में हूती बलों द्वारा दागी गई तीन मिसाइलें और कई ड्रोन नष्ट कर दिये। यह कार्रवाई इजराइल की रक्षा में अमेरिकी सेना द्वारा उठाए गए पहले कदम का प्रतिनिधित्व करती है।

## इजरायल-यूक्रेन का समर्थन करना अमेरिका के हित में है : बाइडेन

**वाशिंगटन/वार्ता।** अमेरिका राष्ट्रपति जो बाडेन ने कहा है कि रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के दौरान अमेरिका इजरायल और यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए।



बाइडेन ने व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमास के साथ संघर्ष में इज़रायल की सफलता और रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन की जीत सुनिश्चित करना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार को कांग्रेस (संसद) को ‘तत्काल बजट अनुरोध’ भेजेंगे ताकि इजरायल और यूक्रेन सहित हमारे महत्वपूर्ण भागीदारों का समर्थन करने के लिए अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

इस मामले से परिचित लोगों का कहना है कि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोधित पूरक व्यय पैकेज की राशि 100 अरब अमेरिकी डॉलर है, जिसमें इज़रायल को आपातकालीन सहायता के लिए 10 अरब डॉलर और यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ाई के लिए 60 अरब डॉलर की सहायता शामिल हैं।

### मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बागी संघ

वे बागी हो गए आज लिखी,
जिनने दल वैभव दिव्य कथा।
आ गए नये राजवंशी,
हो गए उपेक्षित यही व्यथा।
हो कर हताश सबने मिलकर,
सारे प्रकरण को खूब मथा।
कर डाला नया संघ निर्मित,
ये ही युग-युग से रही प्रथा।।

# पचास हजार करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने के लिए एनसीसीएफ को व्यावसायिक दृष्टिकोण बदलना चाहिएः शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) को 2027-28 तक 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने के लिए अपने व्यावसायिक रुख में बदलाव लाने को कहा।

यहां एनसीसीएफ के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सहकारी संघ को आत्मनिर्भर सहकारी संस्था बनने के लिए अगले 10 वर्षों की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए।

आधिकारिक बयान के अनुसार, ''उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ऐसी रूपरेखा के क्रियान्वयन में एनसीसीएफ का पूरी मदद करेगा''

मंत्री ने कहा कि एनसीसीएफ को देश भर में प्राथमिक कृषि साख समितियों (पीएसीएस) और अन्य सहकारी संस्थानों को अपना सदस्य बनाने पर जोर देना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एनसीसीएफ की पूंजी में सहकारी समितियों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक हो। शाह ने कहा, '' इसके लिए एनसीसीएफ को अपनी व्यावसायिक योजना विकसित करनी होगी और अपने व्यावसायिक दृष्टिकोण को बदलना होगा...एनसीसीएफ को...2027-28 तक 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करना चाहिए।'' मंत्री ने एथनॉल उत्पादन के लिए अपनी सहयोगी कंपनियों के साथ एनसीसीएफ द्वारा गुजरात, बिहार और अन्य राज्यों के किसानों से मक्का की खरीद सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

शाह ने एनसीसीएफ से किसानों से खरीदी गई दालों के लिए निर्यात के अवसर तलाशने और यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि ऐसी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाए।

एनसीसीएफ के चेयरमैन विशाल सिंह ने आश्वासन दिया कि मंत्री द्वारा सुझाए गए लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। इस मौके पर सहकारिता सचिव ज्ञानेश कुमार और एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चंद्रा भी मौके पर मौजूद थे।

## मॉर्गन स्टेनली ने भारत को उन्नत कर 'स्टैंडआउट ओवरवेट' बाजार की श्रेणी में रखा

**मुंबई/भाषा।** अमेरिका की प्रमुख वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को 'स्टैंडआउट ओवरवेट' बाजार के रूप में उन्नत किया है। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था भविष्य में अच्छा करेगी और यह निवेश के लिए अच्छी जगह है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि भारत की आर्थिक स्थिति और आय वृद्धि में सुधार हो रहा है। ऐसे में व्यापक स्थिरता उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने में सक्षम लग रही है।

कंपनी ने शुक्रवार को एक टिप्पणी में कहा, 'भारत अभी भी ओवरवेट है। हम भारतीय इक्विटी पर और हमारे सबसे पसंदीदा उभरते बाजार के लिए अपना ओवरवेट रुख बढ़ाते हैं।' टिप्पणी में कहा गया कि घरेलू प्रवाह का बेहतरीन दौर जारी है और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के चलते देश में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) और पोर्टफोलियो निवेश बढ़ रहा है। ब्रोकरेज घराने के वैश्विक इक्विटी निवेश सूचकांक में घरेलू इक्विटी 68 अंक के साथ शीर्ष पर है। इस सूचकांक में सिंगापुर को 54 अंक, यूनान को 47 अंक, मेक्सिको को 43 अंक और पोलैंड को 38 अंक मिले। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक ये इस साल के शीर्ष पांच बाजार हैं।

## कम्प्यूटर आयात के लाइसेंस नियमों में बदलाव से घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली/भाषा।** लैपटॉप और कम्प्यूटर जैसे कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी के लाइसेंस नियमों में बदलाव से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह बात बात कही। जीटीआरआई ने कहा कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में कल-पुर्जों को जोड़कर (असेंबल) तैयार किए गए लैपटॉप और टैबलेट को आयात प्रतिबंधों से छूट देने से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव होंगे।

सरकार ने बृहस्पतिवार को इन उत्पादों के आयात के लिए जटिल लाइसेंस मानदंडों में बदलाव किया और आयातकों के लिए एक ऑनलाइन प्राधिकरण प्रणाली लागू की। नई लाइसेंस व्यवस्था का मकसद मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे भरोसेमंद स्रोतों से आ रहे हैं। ये नियम एक नवंबर से लागू होंगे। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के पास अब भारतीय बाजार के लिए लैपटॉप खरीदने के दो रास्ते हैं - वे एसईजेड में स्थित कंपनियों से लैपटॉप खरीद सकते हैं या सीधे आयात का विकल्प चुन सकते हैं।' उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियां पहले ही भारत में विभिन्न एसईजेड के भीतर लैपटॉप और अन्य उपकरणों के विनिर्माण में निवेश कर चुकी हैं।

## दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में छापेमारी के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम के साथ दक्षिण पश्चिम दिल्ली में छापेमारी के दौरान लोगों के एक समूह ने अभद्रता की। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक निरीक्षक के नेतृत्व में टीम बृहस्पतिवार शाम मादक पदार्थों की आपूर्ति मामले में कापसहेड़ा के समालखा इलाके में एक आरोपी को पकड़ने गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि टीम ने इस सिलसिले में राहुल नाम के एक व्यक्ति को उसके घर से पकड़ा। जब राहुल को पुलिस थाने ले जाया जा रहा था तो विशेष प्रकोष्ठ की टीम को इलाके के कुछ लोगों ने घेर लिया।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''उन्होंने हमारे अधिकारियों को रोकने की कोशिश की और टीम के साथ मारपीट भी की। हाथापाई और झड़प के कारण हमारे तीन अधिकारियों को मामूली चोटें आईं हैं।'' पुलिस ने कहा कि अधिकारियों के साथ मारपीट करने में शामिल लोगों के खिलाफ कापसहेड़ा पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 332 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने के आरोप में कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया।

## हरियाणा के चरखी दादरी में बस में आग लगी, सभी यात्रियों को सुरक्षित बचाया गया

**भिवानी/भाषा।** हरियाणा के चरखी दादरी में रोडवेज की एक चलती बस में शुक्रवार को आग लगने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की बस सुबह लोहारू से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी और दादरी-लोहारू रोड पर खेड़ी बत्तर गांव के निकट इंजन में शार्ट-सर्किट होने के कारण उसमें आग लग गई। पुलिस ने बताया कि बस में 40 से 50 लोग सवार थे और आग लगते ही चालक उमेश और परिचालक धर्मबीर सिंह ने तुरंत बस को सड़क किनारे खडी कर सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। चरखी दादरी रोडवेज के महाप्रबंधक नवीन शर्मा ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि हादसे में बस पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई।

## हवाई शक्ति को मजबूत बनाने के इरादे से दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगी भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय वायु सेना के शीर्ष कमांडर राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चुनौतियों और भारत की समग्र वायु शक्ति को बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए अगले सप्ताह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शिखर-सम्मेलन के दौरान चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा पर सुरक्षा हालात की व्यापक समीक्षा किए जाने की भी संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय वायु सेना के कमांडरों की यह कॉन्फ्रेंस 26 और 27 अक्टूबर को दिल्ली में होगी। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान सहित अन्य शीर्ष अधिकारी इस मौके पर कमांडरों को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, सम्मेलन में कमांडर अपनी लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से भविष्य के लिए भारतीय वायुसेना की योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे।

## सरकार 2024 से सेमीकंडक्टर अनुसंधान केंद्र पर काम शुरू करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से अगले साल से भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर पर काम शुरू करेगा। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है कि भारतीयों को सेमीकंडक्टर अनुसंधान के नेतृत्व में शामिल किया जाना चाहिए। चंद्रशेखर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' दुनिया भर और देश भर में सेमीकंडक्टर जगत के शीर्ष लोगों के समूह ने भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर को तैयार करने के लिए एक साथ बैठकर काम किया है।''

विशेषज्ञों की समिति के अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद चंद्रशेखर ने कहा कि प्रस्तावित भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर, सेमीकंडक्टर अनुसंधान का एक वैश्विक संस्थान होगा।

चंद्रशेखर ने कहा, '' डिजाइन, जिस क्षेत्र पर इसे ध्यान केंद्रित करना चाहिए आदि सभी बातें रिपोर्ट में रखी गई हैं। मुझे उम्मीद है कि वर्ष 2024 में इस संस्थान पर काम शुरू हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर अगले चार-पांच वर्षों में अग्रणी सेमीकंडक्टर अनुसंधान संस्थानों में से एक बन जाएगा।

## रिजर्व बैंक ने एलएंडटी फाइनेंस पर लगाया 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई/भाषा।** आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से संबंधित कुछ नियमों का पालन नहीं करने पर एलएंडटी फाइनेंस लि. पर 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि कंपनी का वैधानिक निरीक्षण करने के बाद आई रिपोर्ट से यह पता चला कि एनबीएफसी ने खुदरा कर्जदारों को ऋण आवेदन पत्र/मंजूरी पत्र में विभिन्न श्रेणियों के उधारकर्ताओं से अलग-अलग ब्याज दरें वसूलने के जोखिम के वर्गीकरण और औचित्य का खुलासा नहीं किया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि एनबीएफसी कर्ज मंजूरी के समय बताई गई दंडात्मक ब्याज दर से ज्यादा ब्याज वसूल की। उसने जुर्माना स्वरूप ब्याज दर में बदलाव के बारे में कर्जदारों को समय पर जानकारी देने पर विफल रही।

## मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए : दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके ऐसा होने से ही जुलाई में 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति में गिरावट सुचारू रूप से जारी रही। 'कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य स्थिरता तथा वित्तीय स्थिरता एक-दूसरे के पूरक हैं और आरबीआई ने दोनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने का प्रयास किया है।

सब्जियों तथा ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण सितंबर में सालाना आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में 6.83% और सितंबर 2022 में 7.41% थी। जुलाई में मुद्रास्फीति 7.44% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी में नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इससे पहले, पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। गवर्नर ने कहा, '' हमने नीतिगत दर पर रोक बरकरार रखी है। अब तक 2.50 प्रतिशत की वृद्धि वित्तीय प्रणाली के जरिए अब भी काम कर रही है...।'' उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान से मौद्रिक नीति का असर तेजी से और प्रभावी रूप से दिखने लगा है। दास ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौद्रिक नीति हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती है और इसमें आत्मसंतुष्ट होने की कोई बात नहीं है। गवर्नर ने अपने भाषण में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब तीन चुनौतियों मुद्रास्फीति, धीमी वृद्धि और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम का सामना कर रही है। घरेलू वित्तीय क्षेत्र के संबंध में उन्होंने कहा कि भारतीय बैंक तनाव की स्थिति के दौरान भी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं को बनाए रखने में सक्षम होंगे।

### राहुल की तेलंगाना यात्रा समाप्त, कहा-

## कांग्रेस में शामिल होने के लिए भाजपा नेताओं की लगी है कतार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक रैली में तेलंगाना के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की तुलना 'बॉलीवुड नायकों' से करते हुए कहा कि वे (भाजपा नेता) जो पहले इतराते थे, अब कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए लाइन लगाए खड़े हैं।

गांधी ने शुक्रवार को समाप्त हुए अपने तीन-दिवसीय तूफानी दौरे पर किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने, 'भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), भाजपा और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) की कथित सांठगांठ तथा राज्य के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) जैसे विभिन्न मुद्दे उठाये।

निजामाबाद और जगतियाल जिलों में अलग-अलग बैठकों में गांधी ने तेलंगाना भावना को जागृत करते हुए कहा कि उनकी मां एवं पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने नये राज्य का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मां ने इसका समर्थन नहीं किया होता, तो यह नया दक्षिणी राज्य नहीं बन पाता। उन्होंने कहा, ''यहां (तेलंगाना में) लड़ाई कांग्रेस और बीआरएस के बीच है। पहले भाजपा नेता यहां बॉलीवुड हीरो की तरह घूमते थे। उन्हें पता भी नहीं चला कि उनकी गाड़ी के चारों पहिये कब निकल गए। आज भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल होने के लिए कतार में खड़े हैं। (लेकिन) हम उन्हें नहीं चाहते।' उन्होंने तेलंगाना की भावनाओं को जागृत करने की कोशिश करते हुए कहा, ''सोनिया जी ने तेलंगाना राज्य बनाने में आपकी मदद की और मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया गांधी ने मदद नहीं की होती, तो अलग तेलंगाना नहीं बनता। सोनिया गांधी जी दोराला (सामंतों) का तेलंगाना नहीं, बल्कि प्रजाला (जनता का) तेलंगाना चाहती थीं।''

राज्य में पार्टी की चल रही 'विजयभेरी' यात्रा के दौरान रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आती है, तो यह भी सुनिश्चित करेगी कि किसानों को उनके द्वारा उगाई जाने वाली प्रत्येक फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 500 रुपये अधिक मिलें। गांधी ने कहा कि इसके अलावा, कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि हल्दी उत्पादक किसानों को 12,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस क्षेत्र में चीनी मिलों को भी पुनर्जीवित करेगी।

गांधी ने एक बार फिर कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह तेलंगाना सहित पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन शासन द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक न करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा, ''कांग्रेस दिल्ली (केंद्र) में सत्ता में आने के बाद पिछले आंकड़े जारी करेगी और नई जाति-आधारित जनगणना भी कराएगी।'' उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर पार्टी तेलंगाना में भी जातिगत जनगणना कराएगी।

## समय ही बताएगा कि ब्याज दर कब तब ऊंची बनी रहेंगीः आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि फिलहाल ब्याज दर ऊंची बनी रहने की आशंका है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक पूरी तरह सतर्क है और महंगाई में कमी सुनिश्चित करने के लिये 'अर्जुन की आंख' की तरह नजर रखे हुए है।

मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। यह 6.5% पर बरकरार है। इससे पहले पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50% की वृद्धि की गई थी। जुलाई में मुद्रास्फीति 7.44% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। सीपीआई आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अब घट रही है और सितंबर में गिरकर 5% पर आ गई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को 2% घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति को 4% पर लाने का लक्ष्य दिया है। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2023' को संबोधित करते हुए दास ने कहा, '' ब्याज दर ऊंची बनी रहेंगी। वे कब तक ऊंची रहेंगी यह समय और वैश्विक स्तर पर उभरती स्थिति ही बताएगी।'' दास ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति की स्थिति पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा, '' हम अतिरिक्त सतर्क हैं और जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी हम उठाने को तैयार हैं। हमें मुद्रास्फीति में निरंतर गिरावट देखने की जरूरत है... हमारा लक्ष्य इसे चार प्रतिशत पर लाना है।''



## राहुल गांधी के 'दोराला' तेलंगाना वाले बयान पर बीआरएस नेता रामाराव का पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके इस बयान के लिए निशाना साधा कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव 'दोराला' (सामंती) तेलंगाना और 'प्रजाला' (जनता के) तेलंगाना के बीच हैं। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार को 'सामंतवादी' करार देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले तीन दिन में तेलंगाना में अपनी अनेक सभाओं में आरोप लगाया है कि 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में लड़ाई 'दोराला' तेलंगाना और 'प्रजाला' तेलंगाना के बीच है।

केटी रामाराव ने कहा, ''मैं उन्हें उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) की याद दिलाता हूं। इंदिरा जी ने हमें इस देश का एकमात्र आपातकाल दिया था, इसलिए स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्रीमती इंदिरा गांधी से बड़ा कोई तानाशाह नहीं हुआ। इसलिए, कृपया हमें सबक सिखाने की कोशिश न करें। हमें लोकतंत्र के गुण सिखाने की कोशिश मत कीजिए... ऐसा लगता है कि शैतान उपदेश दे रहा है।'' रामाराव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने बिना तैयारी के आने के मामले में राहुल जैसा नेता नहीं देखा जो हर दिन नये राज्य में जाते हैं और पूछते हैं कि 'आज की स्क्रिप्ट क्या है?' बीआरएस की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने राहुल गांधी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''गांधी परिवार का तेलंगाना से रिश्ता केवल विश्वासघात और पिछड़ेपन का है।'' राहुल ने कहा था कि तेलंगाना के साथ उनका रिश्ता राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक है। कविता ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ही 1950 के दशक में तेलंगाना का विलय आंध्र प्रदेश में कर दिया था।

## जेडीएस-भाजपा के गठजोड़ पर सहमति के देवेगौड़ा के दावे को विजयन ने खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को जेडी (एस) अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा के इस दावे को निराधार और झूठा बताकर खारिज कर दिया कि वामपंथी नेता ने केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ की साझेदार जेडी (एस) के कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन को मंजूरी दे दी थी।

देवेगौड़ा ने दावा किया था कि विजयन ने जेडीएस के क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिहाज से कर्नाटक में उसे भाजपा के साथ गठबंधन की मंजूरी दे दी थी। इस दावे के कुछ घंटे बाद जारी बयान में केरल के मुख्यमंत्री ने आज पूर्व प्रधानमंत्री से अपना बयान सुधारने को कहा।

विजयन ने कड़े शब्दों में कहा कि जेडी (एस) की प्रदेश इकाई ने साफ किया था कि वे भाजपा के साथ गठबंधन के पूरी तरह खिलाफ हैं और वे केरल में वाम मोर्चा के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, ''देवेगौड़ा भाजपा के साथ पहली बार हाथ नहीं मिला रहे हैं। हम सभी को 2006 याद है जब जेडीएस ने भाजपा के साथ हाथ मिलाया था। उन्होंने अपनी विचारधारा को छोड़ दिया था और अपने बेटे को मंत्री पद दिलाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया।''

विजयन ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा जिसने आरोप लगाया है कि माकपा और भाजपा के बीच तार जुड़े हैं।

देवेगौड़ा ने कल दावा किया था कि उनकी पार्टी की केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत सभी प्रदेश इकाइयों ने भाजपा के साथ गठबंधन की सहमति दे दी है और विजयन भी इससे सहमत थे।

## अरब सागर में निम्न दबाव प्रणाली के चक्रवाती तूफान में बदलने का अनुमानः आईएमडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम अरब सागर के ऊपर दबाव का एक क्षेत्र विकसित हो गया है जिसके 21 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है।

इस साल अरब सागर में यह दूसरा चक्रवाती तूफान होगा। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण के लिए अपनाए गए फॉर्मूले के अनुसार इसे 'तेज' कहा जाएगा। आईएमडी के अनुसार चक्रवाती तूफान के रविवार को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने तथा ओमान के दक्षिणी तटों एवं पास के यमन की ओर बढ़ने का पूर्वानुमान है। हालाकि, मौसम विज्ञानियों ने चेताया है कि कभी-कभी तूफान पूर्वानुमानित पथ से भटक सकते हैं, जैसा कि चक्रवात 'बिपरजॉय' के मामले में देखा गया था। 'बिपरजॉय' जून में अरब सागर में बना था और शुरू में उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने के बाद गुजरात में मांडवी और पाकिस्तान में कराची की तरफ गुजरा था।

आईएमडी ने कहा कि कम दबाव की प्रणाली शुक्रवार पूर्वाह्न 11:30 बजे सोकोट्रा (यमन) से लगभग 900 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, सलालाह हवाई अड्डे (ओमान) से 1,170 किमी दक्षिण-पूर्व और अल ग़ैदाह (यमन) से 1,260 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित थी। मौसम का पूर्वानुमान जताने वाली निजी एजेंसी 'स्काईमेट वेदर' ने कहा कि अधिकांश मॉडल संकेत देते हैं कि तूफान यमन-ओमान तट की ओर बढ़ रहा है।

# आध्यात्मिक गुरु आदिगलर के निधन पर नड्डा, स्टालिन सहित अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आध्यात्मिक गुरु आदिगलर के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया। आध्यात्मिक गुरु का निधन गुरुवार शाम चेन्नई के एक अस्पताल में हुआ।

नड्डा ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में लिखा कि अधिपराशक्ति आध्यात्मिक आंदोलन के संस्थापक पद्मश्री बंगारू आदिगलर जी के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। नड्डा ने कहा, उनकी सादगी और मानवता की सेवा के प्रति समर्पण, जिसके लिए उन्हें प्यार से अम्मा कहा जाता था, को हमेशा याद किया जाएगा। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के सदस्यों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उन्हें इस दर्द को सहन करने की शक्ति दे। ओम शांति।



मेलमर्वतुर,श्रद्धांजलि देने पहुंचे झारखंड के राजय पाल सीपी राधाकृष्णन,केंद्रीय मंत्री एल,मुरुगन ,प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष अनामल्लई आदि पराक्थिती सिधर पीठ के धर्म गुरु बंगलारू रवहळसरश्र को श्रद्धांजलि देने कोयंबतूर से रवाना होकर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बीजेपी के अध्यक्ष अनामलाई ,केंद्र मंत्री एल मुरुगन मेलमामर्वतुर पहुंचा । ज्ञात्व हैं की बीजेपी ने बंगारू रवळसश्ररर‍ॅ के रिस्पेक्ट में अपने सब कार्यकर्म 2 दिन के लिए स्थगित कर दिए जिसमे एन मन एन मक्कल की पदयात्रा दो दिन के लिए स्थगित किया गया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने अपने संदेश में कहा कि, अम्मा बंगारू आदिगलर के निधन पर गहरा दुख हुआ। एक पवित्र आत्मा और महान आध्यात्मिक शिक्षक। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुधारों में उनका योगदान हमें प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।

इस बीच, तमिलनाडु सरकार ने घोषणा किया कि बंगारू आदिगलर के पार्थिव शरीर का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बयान में कहा, मेलमरुवाथुर आदिपराशक्ति के संस्थापक श्री बंगारू आदिगलर के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। बंगारू आदिगलर की सेवाओं को सम्मान देने के लिए उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

अन्नामलाई एक्स पर पोस्ट में कहा, इस खबर के बाद कि मेलमारुवथुर आदिपराशक्ति सिद्ध पीठम के संस्थापक तवाथिरु बंगारू आदिगलर ने मोक्ष प्राप्त कर लिया है। अम्मा के भक्त दुखी हैं और हमारी पार्टी के सभी कार्यक्रम अगले दो दिनों के लिए रद्द कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा, कल (शुक्रवार) की पदयात्रा (उनकी पदयात्रा का हिस्सा) के लिए अच्छी व्यवस्था करने के बाद मैं सभी तिरुपुर जिला प्रशासकों, भाजपा भाइयों और बहनों तथा आम जनता से अनुरोध करता हूं (जो कार्यक्रम में भाग लेने की प्रतीक्षा कर रहे हैं) कि अपरिहार्य कारण से पदयात्रा की तारीख में बदलाव किया गया है। इसका सम्मान करें।

उन्होंने कहा, तिरुपुर उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के लिए पदयात्रा की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। ओम शांति। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डी, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन रवि, मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन सहित विभिन्न पार्टी के नेताओं ने आदिगलर के निधन पर शोक जताया है।

# तमिलनाडु की अदालत ने सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत शुक्रवार को छह नवंबर तक के लिए बढ़ा दी।

प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली ने सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत छह नवंबर तक के लिए बढ़ा दी। सेंथिल बालाजी को पुझल केंद्रीय जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायाधीश अली की अदालत में पेश किया गया था।

ईडी ने नकद के बदले में नौकरी' घोटाले से संबंधित एक धनशोधन मामले में 14 जून को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। पिछली अन्नाद्रमुक सरकार में जब सेंथिल बालाजी परिवहन मंत्री थे तब यह कथित घोटाला हुआ था।

गिरफ्तारी के बाद सेंथिल बालाजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी बाईपास सर्जरी की गयी। बाद में ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। उसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा यहां पुझल जेल में डाल दिया गया। अदालत समय-समय पर उनकी हिरासत बढ़ाती रही है।

इस बीच, ईडी ने 12 अगस्त को सेंथिल बालाजी के खिलाफ 3000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। मद्रास उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर को सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उससे पहले प्रधान सत्र अदालत दो बार उनके जमानत आवेदन खारिज कर चुकी थी।

# उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री जयाप्रदा की सजा को निलंबित करने संबंधी याचिका खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने अदाकारा और पूर्व सांसद जयाप्रदा तथा दो अन्य को उनके स्वामित्व वाले एक सिनेमाघर के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 18 साल से अधिक समय तक बकाया नहीं चुकाने के मामले में छह महीने की सजा को निलंबित करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें प्रधान सत्र न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रधान सत्र न्यायाधीश ने अदाकारा और उनके सहयोगियों को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था।

याचिकाएं जयाप्रदा सिनेमा थिएटर की ओर से दायर की गई थीं। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने कहा कि यह पाया गया कि याचिकाकर्ता साझेदारी फर्म ने कर्मचारी का योगदान एकत्र किया, लेकिन अपने योगदान के साथ जमा नहीं किया। यह चूक लगातार की गई और किसी न किसी तरीके से याचिकाकर्ता मुकदमे को लगभग 18 वर्षों तक लटकाने में कामयाब रहा।

न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने न्यायिक प्रणाली के प्रति जो अनादर का भाव दिखाया उसे भी निचली अदालत ने अपने फैसले में दर्ज किया। न्यायाधीश ने कहा चेन्नई कॉर्पोरेशन द्वारा दायर जवाबी हलफनामा से भी यह पता चलता है कि छूट योजना के तहत विवाद को निपटाने के फर्जी प्रयास से इसे कैसे लंबा खींचा गया।

न्यायाधीश ने कहा कि अपीली अदालत ने उन अभियुक्तों की सजा को निलंबित करने की याचिका को खारिज कर सही किया था, जो फैसले की तारीख पर निचली अदालत के सामने पेश नहीं हुए थे और अपीली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण भी नहीं किया था, जब सजा के निलंबन के अनुरोध पर सुनवाई की गई।

न्यायाधीश ने कहा, ''मामले का ट्रैक रिकॉर्ड उक्त आदेश को सही ठहराता है। इसलिए, ये मूल याचिकाएं खारिज की जाती हैं।''

न्यायाधीश ने कहा कि मामले में किसी भी जमानत याचिका, यदि दोषसिद्धि वारंट निष्पादित किया गया है, या सजा को निलंबित करने के अनुरोध वाली किसी भी अर्जी पर केवल तभी विचार किया जाएगा, जब 15 दिनों के भीतर 20 लाख रुपये जमा किए जाएंगे।

# मोदी, शाह ने आदिगलर के निधन पर जताया शोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आध्यात्मिक गुरु बंगारू आदिगलर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने श्री आदिगलर के सम्मान में अगले दो दिनों के लिए पार्टी के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये हैं। श्री आदिगलर का गुरुवार की शाम यहां निधन हो गया।

मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा, श्री बंगारू आदिगलर जी के निधन के गहरा दुख हुआ। आध्यात्मिकता और करुणा से समृद्ध उनका जीवन हमेशा कई लोगों के लिए मार्गदर्शक रहेगा। मानवता के प्रति अपनी अथक सेवा और शिक्षा पर जोर देकर उन्होंने कई लोगों के जीवन में आशा और ज्ञान के बीज बोए। उन्होंने कहा, उनका काम पीढ़ियों को प्रेरित और मार्गदर्शन करता रहेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

वहीं श्री शाह ने कहा, मेलमारुवथुर सिद्धार पीदम के प्रमुख पद्म श्री बंगारू आदिगलर जी के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, श्री आदिगलर जी अपनी आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाते थे, जो कर्मकांडों के दायरे से परे थी। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने कहा कि अम्मा की मृत्यु के बाद उनकी राज्यव्यापी पदयात्रा सहित पार्टी के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।



# ईबीएसबी एयरोस्पेस कैंप ने दी युवा प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान

बेंगलूरु। बेंगलूरु में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' (ईबीएसबी) एयरोस्पेस कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। इसका आगाज 11 अक्टूबर को हुआ था। इसमें पिछले नौ दिनों से खोज, शिक्षा और प्रेरणा की उल्लेखनीय यात्रा रही है। प्रमुख अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी केंद्रों के दौरे से लेकर महत्त्वपूर्ण व्याख्यान और समृद्ध अनुभवों तक, शिविर ने समर्पित अधिकारियों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 324 प्रतिभाशाली कैडेट्स के सपनों को नई उड़ान दी।

कैडेट्स ने उपग्रह निर्माण और परीक्षण की जटिल प्रक्रिया से लेकर यूआर राव सैटेलाइट सेंटर की मनोरम यात्रा की। उन्होंने चंद्रयान रोवर का सिमुलेशन भी देखा। उन्हें इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आईडीएसएन) की यात्रा से अंतरिक्ष संचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की गहन जानकारी मिली।

कैडेट्स ने श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, एचएएल, विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी संग्रहालय और आईआईएससी बेंगलूरु का भी दौरा किया। इसके अलावा, वायुसेना तकनीकी कॉलेज में एयरोडायनामिक्स, इजेक्शन टेक, ब्रेक पैराशूट आदि की जानकारी ली। ईबीएसबी एयरोस्पेस कैंप एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य एयरोस्पेस और अंतरिक्ष अन्वेषण में रुचि रखने वाली युवा प्रतिभाओं का ज्ञानवर्धन करना है।

# सीबीआई 90 फीसदी जांच पूरी करने का दावा कर रही है, लेकिन किसी अधिकारी ने मुझसे संपर्क नहीं किया : शिवकुमार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि हालांकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का दावा है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ 90 फीसदी जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी जांच अधिकारी ने उनसे संपर्क नहीं किया है।

उच्च न्यायालय द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज किए जाने पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि किसी भी जांच अधिकारी ने किसी भी जानकारी के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''मैं इस मामले पर अपने वकीलों से चर्चा करूंगा।''



कांग्रेस नेता ने कहा, तत्कालीन मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा ने राजनीतिक कारणों से ही यह मामला सीबीआई को सौंपा था। हालांकि, अन्य मामले भी थे, लेकिन केवल उनका मामला ही सीबीआई को सौंपा गया। शिवकुमार ने कहा, महाधिवक्ता ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को नहीं सौंपा जा सकता है। इसे विधानसभा अध्यक्ष के पास भी नहीं पहुंचाया गया और येडीयुरप्पा ने मामले को सीबीआई को सौंप दिया।

विपक्षी नेताओं द्वारा उन पर किए जा रहे हमलों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि वह हर किसी की बात का जवाब नहीं दे सकते।



# भाजपा की पूर्व विधायक पूर्णिमा श्रीनिवास कांग्रेस में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में चित्रदुर्गा जिले के हिरियुर निर्वाचन क्षेत्र से मई में विधानसभा चुनाव हारने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व विधायक पूर्णिमा श्रीनिवास शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार भी मौजूद रहे। पूर्णिमा श्रीनिवास अपने पति डी टी श्रीनिवास और कई अन्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुईं।पूर्णिमा ने कांग्रेस में शामिल होने से पहले आरोप लगाया था कि भाजपा ने 2019 से 2023 तक सत्ता में रहने के दौरान उनके 'गोल्ला' (चरवाहे) समुदाय का ख्याल नहीं रखा।

# भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पोस्टर जारी किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को एटीएम सरकार कलेक्शन ट्री' पोस्टर जारी किया और सरकार पर संसदीय चुनावों और पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कर्नाटक को स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) के तौर पर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पोस्टर में सबसे ऊपर कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तस्वीर है, उनके बाद राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, सिद्दरामैया के बेटे यतींद्र सिद्दरामैया, मंत्री बिरथी सुरेश और ठेकेदार अंबिकापति की तस्वीरें हैं। पार्टी के अन्य नेताओं के साथ पोस्टर जारी करने वाले भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने संवाददाताओं से कहा, लोगों को अब पता चल गया है कि पिछले पांच माह से राज्य में किस तरह से प्रशासन चलाया जा रहा है। सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं और स्थिति इतनी दयनीय है कि एक गड्ढा भी नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस वसूली व्यापार का केंद्र दिल्ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इसकी पूरी जिम्मेदारी ली हुई है।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के वफादार विधायक ने कहा, 2.5 साल बाद कैबिनेट में होगा फेरबदल

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और राज्य सरकार के मुख्य सचेतक अशोक पट्टन ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में ढाई साल में कैबिनेट में फेरबदल किया जाएगा और इससे पुरानी बहस छिड़ गई है। विधान सौधा में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक अशोक पट्टन ने कहा कि प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने उन्हें इस संबंध में आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, ''ढाई साल बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल होने जा रहा है। मैं एक वरिष्ठ विधायक हूं. मुझे मंत्री बनना था लेकिन मुझे पद नहीं मिला।'' सुरजेवाला ने मुझे आश्वासन दिया है कि मैं 2.5 साल बाद मंत्री बनूंगा। जाति के आधार पर मंत्री पद दिया गया है। विधायक अशोक पट्टन ने कहा, मुझे विश्वास है कि 2.5 साल बाद मुझे मंत्री पद दिया जाएगा।'' हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस पार्टी में बने रहेंगे, भले ही उन्हें कैबिनेट में जगह मिले या नहीं। उन्होंने बताया, मुझे इस बारे में सटीक जानकारी नहीं है कि चार से पांच विभाग बदले जाएंगे या पूरे मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पद को लेकर कुछ भी आलाकमान तय करेगा। कांग्रेस पार्टी में वरिष्ठ और कनिष्ठ की कोई अवधारणा नहीं है। पार्टी में एक बार सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता है। जो भाग्यशाली होगा, वह मंत्री बनेगा। मेरे जैसे बदकिस्मत लोग इसी तर्ज पर बात कर रहे हैं।'

# इसरो ने मानव मिशन से पहले मानव रहित परीक्षण यान को भेजने की उल्टी गिनती शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीहरिकोटा/चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने के महत्वाकांक्षी मिशन की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक मानव रहित उड़ान परीक्षण के लिए 13 घंटे की उल्टी गिनती शुकवार से शुरू हो गई है।

इसरो ने बताया कि 'क्रू मॉड्यूल' (जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे) और चालक बचाव प्रणाली से लैस एकल-चरण तरल प्रणोदन रॉकेट को शनिवार सुबह आठ बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र के पहले प्रक्षेपण तल से रवाना किया जाएगा। परीक्षण यान मिशन का उद्देश्य अंततः गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए क्रू मॉड्यूल और चालक बचाव प्रणाली के सुरक्षा मानकों का अध्ययन करना है।



गगनयान मिशन का लक्ष्य 2025 में तीन दिवसीय मिशन के तहत मनुष्यों को 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

शनिवार को, इसरो अपने परीक्षण यान - प्रदर्शन (टीवी-डी1), एकल चरण तरल प्रणोदन रॉकेट के सफल प्रक्षेपण का प्रयास करेगा। इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण यान मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि कल परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत की गई है।

इसरो ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी, 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे टीवी-डी1- परीक्षण उड़ान को प्रक्षेपित करने के लिए उल्टी गिनती शुक्रवार शाम सात बजे शुरू हो गई है। इसरो ने बताया कि इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए आधार तैयार करेगी, जिससे पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा।

'क्रू मॉड्यूल' रॉकेट में पेलोड है, और यह अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसे वातावरण के साथ रहने योग्य जगह है। इसमें एक दबावयुक्त धात्विक 'आंतरिक संरचना' और 'थर्मल सुरक्षा प्रणालियों' के साथ एक बिना दबाव वाली 'बाहरी संरचना' शामिल है। शनिवार को पहली परीक्षण उड़ान के दौरान 'क्रू मॉड्यूल' में लगी विभिन्न प्रणालियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए डेटा प्राप्त किया जाएगा जिससे वैज्ञानिकों को यान के प्रदर्शन की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

शनिवार को संपूर्ण परीक्षण उड़ान कार्यक्रम संक्षिप्त रहने की उम्मीद है क्योंकि टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन' (टीवी-डी1) क्रू एस्केप सिस्टम (चालक बचाव प्रणाली) और क्रू मॉड्यूल को 17 किमी की ऊंचाई पर प्रक्षेपित करेगा, जिसके श्रीहरिकोटा से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में सुरक्षित उतरने की उम्मीद है। बाद में बंगाल की खाड़ी से नौसेना द्वारा इन्हें खोज कर निकाला जाएगा।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : तिरुप्पुर
पहली मंजिल, एवरेडी बिल्डिंग, धारापुरम रोड, तिरुप्पुर - 641604
फोन: 0421-2321111

एंथियूर शाखा के लिए पट्टे (लीज) पर परिसर की जरूरत

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एंथियूर शाखा के बैंकिंग व्यवसाय के लिए भूतल पर ±1400 10 प्रतिशत वर्ग फीट के उपयुक्त निर्मित/निर्माणाधीन वाणिज्यिक परिसर की जरूरत है।

परिसर का निर्माण या संशोधन हमारे बैंक/आरबीआई/बीआईएस विनिर्देशों के अनुसार किया जाना है, जिसमें मुख्य सड़क तक पहुंच के लिए अच्छा फ्रंटेज और पर्याप्त पार्किंग सुविधा हो।

| क्र.सं. | शाखा | कार्पेट एरिया चाहिए | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | एंथियूर शाखा | 1400 ± 10% वर्ग फीट | एंथियूर बस स्टैंड के पास एंथियूर नगर पंचायत सीमा के भीतर |

स्वामित्व रखने वाले या मालिकों की ओर से बातचीत करने की शक्ति रखने वाले संभावित बोलीकर्ता 21-10-2023 से कार्यालय समय के दौरान उपर्युक्त पते से तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in (अथवा) ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल eprocure.gov.in से डाउनलोड करें और अपने तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रस्ताव अलग-अलग लिफाफे में ''तकनीकी बोली और मूल्य बोली'' लिखकर 10-11-2023, अपराह्न 3.00 बजे या उससे पहले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पहली मंजिल, एवरेडी बिल्डिंग, धारापुरम रोड, तिरुप्पुर - 641604 में जमा कराएं। बोलियां 10-11-2023 को अपराह्न 3.30 बजे उपर्युक्त पते पर बोलीदाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। किसी भी दलाल या बिचौलिए पर विचार नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी/अर्ध-सरकारी निकायों द्वारा लीज पर दी जाने वाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यालय परिसर के लिए किसी भी स्थिति में किसी भी अनधिकृत निर्माण पर विचार नहीं किया जाएगा।

बैंक बिना कोई कारण बताए, प्राप्त किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट: निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अन्य सभी नियम और शर्तें बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

दिनांक : 21-10-2023 क्षेत्रीय प्रमुख







# 'गरीबों से खींचना और बड़े उद्योगपतियों को सींचना' भाजपा की नीति : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि इनका ध्यान जनता की भलाई पर नहीं, बल्कि किसी तरह सत्ता में बने रहने पर है। प्रियंका ने कहा, ''इनकी नीति बन गई है गरीबों से खींचना और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सींचना।'' उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर उसके उद्योगपति मित्रों के लिए काम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को भाजपा नेताओं से पूछना चाहिए कि वे चुनाव के समय विकास के बजाय धर्म और जाति की बात क्यों करते हैं? मोदी द्वारा राज्य में अपने नाम पर वोट मांगने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, क्या वे प्रधानमंत्री का पद छोड़कर, यहां आकर मुख्यमंत्री बनने वाले हैं? प्रियंका दौसा जिले के सिकराय में जनसभा को संबोधित कर रही थीं जहां राजस्थान कांग्रेस के लगभग सभी नेता 'एकजुट' नजर आए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से लेकर सचिन पायलट तक ने 'मतभेद' भुलाने पर जोर दिया।

प्रियंका गांधी ने राज्य में भाजपा को पूरी तरह बिखरी हुई पार्टी बताते हुए कहा कि यहां पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर मंच पर बैठी है। कांग्रेस नेता ने कहा, (राजस्थान में) जब इनकी (भाजपा की) सरकार थी, तो इन्होंने प्रदेश में कितनी योजनाएं शुरू कीं? अभी तक ईआरसीपी का वादा क्यों नहीं पूरा किया ? ... बात साफ है, मोदी जी और भाजपा का ध्यान आपकी भलाई पर नहीं है... किस तरह से सत्ता में रहना है, किस तरह से अपने आप को मजबूत करना है... यही उनका एकमात्र लक्ष्य है। इसी पर उनका ध्यान है। उन्होंने कहा,'' इनकी नीति बन गई है। आप पिछले दस साल में देखिए ...नीति बन गई है, गरीबों से खींचना और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सींचना।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा के नेता सबसे पहले अपने अहंकार, अपने मान सम्मान को बढ़ाने के लिये, अपने लिये काम कर रहे हैं और अपने उद्योगपति मित्रों के लिये काम कर रहे है।

प्रियंका ने कहा, प्रधानमंत्री आठ आठ हजार करोड़ के हवाई जहाज खरीद रहे हैं और कहते हैं कि किसानों का कर्ज माफ करने के लिये पैसा नहीं है। धर्म पर राजनीति को लेकर भाजपा नेताओं पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि वे चुनाव के दौरान विकास से जुड़े मुद्दों के बजाय धर्म और जाति के बारे में क्यों बात करते हैं।

उन्होंने कहा, जब जब चुनाव आता है तो वे धर्म और जाति की बात करते हैं। धर्म की रक्षा, धर्म को आगे बढ़ाने की बात से कोई हिंदुस्तानी इनकार नहीं कर सकता। यह ऐसी चीज है जिससे हम सब के जज्बात जुड़े हुए हैं। लेकिन आपको समझना पड़ेगा कि ये बात चुनाव के समय क्यों उठ रही है...और चुनाव के समय आपके विकास की बातें क्यों नहीं की जा रही है? प्रियंका ने कहा कि भाजपा नेता यह क्यों नहीं बता रहे कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) क्यों लागू नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक ओपीएस लागू कर रही है तो इनको कौन सी दिक्कत हो रही है? प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस राज्यों में जन कल्याण के लिए योजनाएं चलाती है जिससे भाजपा पर ऐसी घोषणाएं करने का दबाव बनता है। लेकिन वह इन घोषणाओं पर अमल नहीं करना चाहती।

सेना की अग्निवीर भर्ती योजना को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी योजना ऐसे समय में लाई गई है जब देश में बेरोजगारी दर 45 साल में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि सीमा की रक्षा की चाहत लेकर युवा सेना में भर्ती की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन मोदी सरकार की इस योजना के बाद नौजवान अब कह रहे हैं कि उन्हें अब सेना भर्ती की तैयारी में कोई दिलचस्पी नहीं रही। राजस्थान भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा आपके बारे में नहीं सोच रही। वहां स्वार्थ हावी है। सब नेता खुद को मुख्यमंत्री घोषित कर रहे हैं। कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमति जी ने कुनबा जोड़ा... मोदी जी के अहंकार ने कुनबा तोड़ा। प्रियंका ने कहा, प्रधानमंत्री जी जब यहां आते हैं तो आप उनसे पूछिए ...वे कहते हैं कि आप मेरे नाम पर, मोदी जी के नाम पर वोट डालिए। उनसे पूछिए- क्या प्रधानमंत्री का पद छोड़कर, यहां आकर मुख्यमंत्री बनने वाले हैं? क्या उनको अपनी पूरी पार्टी में कोई चेहरा नहीं मिल रहा?

प्रियंका ने उपस्थित लोगों से 'राजस्थान का रिवाज बदलने व दुबारा कांग्रेस को सत्ता में लाने' का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा, आज पूरी भाजपा बिखरी हुई है। एकजुट होने का नामोनिशान नहीं... यहां पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर मंच पर बैठी है। प्रियंका ने कहा, एक तरफ गहलोत जी का अनुभव है ...जिनमें आपके लिए दिन रात एक करने की इच्छा है.. आपके लिए ऐसी योजनाएं लाने का प्रयास है जिससे आपका जीवन बेहतर हो। दूसरी तरफ सचिन पायलट जी जैसे युवा नेता जो आपके भविष्य की तरफ देखते हुए आपके लिए हर रोज मेहनत करते हैं। ये कांग्रेस पार्टी आपके लिए समर्पित है। ये चाहती है कि राजस्थान मजबूत बने।

इससे पहले मुख्यमंत्री गहलोत से लेकर सचिन पायलट तक ने 'मुहब्बत' की बात की और 'मतभेद' भुलाने पर जोर दिया। पायलट ने अपने संबोधन में कहा, इलाके की एक एक सीट कांग्रेस का उम्मीदवार जीतना चाहिए। छोटा मोटा मनमुटाव है तो भूल जाओ। राहुल गांधी जी कह रहे हैं नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलनी है। मुहब्बत की चर्चा कल भी हो गई आज भी हम लोग कर रहे हैं। सबको साथ लेकर चलना है। सभा के बाद प्रियंका गांधी ने विख्यात मेहंदीपुर बाला जी महाराज के मंदिर में दर्शन और पूजा की। उनके साथ गहलोत व पायलट भी थे।

## मुलाकात




जयपुर में शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा के अधिवक्ताओं के साथ मुलाकात करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

## अधिशासी अभियंता और विकास अधिकारी रिश्वत मामले में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उदयपुर और बांसवाडा में एक अधिशासी अभियंता और एक विकास अधिकारी को रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो के एक दल ने बांसवाडा में विकास अधिकारी को परिवादी से 80 हजार रूपये और उदयपुर नगर निगम में कार्यरत अधिशासी अभियंता को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि बांसवाडा में पंचायत समिति तलवाडा के विकास अधिकारी को परिवादी से 80 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। परिवादी ने ब्यूरो में शिकायत दी थी कि ग्राम पंचायत कूपडा के विभागीय निरीक्षण के दौरान स्वीकृत कार्यो में कमी बताकर कार्यो की बकाया राशि लगभग एक करोड 50 लाख रुपये के भुगतान के बदले विकास अधिकारी पुरणमल मीणा दो प्रतिशत कमीशन के हिसाब से तीन लाख रूपये की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। दल ने पुरण मल मीणा को परिवादी से 80 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्रियदर्शी ने बताया कि इसी तरह उदयपुर में परिवादी ने ब्यूरो को शिकायत दी थी कि उसकी फर्म द्वारा नगर निगम उदयपुर में विभिन्न उद्यानों के रखरखाव कार्यो के बकाया बिल के भुगतान में कमीशन के तौर पर निगम के अधिशासी अभियंता अवैस मोहम्मद 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे हैं।



## भाजपा में है विकास की दृष्टि और जनकल्याण की प्रतिबद्धता : दीप्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि देश के वंचित एवं दलित वर्गों के उत्थान के लिए अर्थव्यवस्था का विकास और जनकल्याण की नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। भारतीय जनता पार्टी में विकास की दृष्टि और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दोनों है। इस कारण ही देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। करोड़ो परिवार गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकले है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं पिछड़े वर्ग के साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें वंचित एवं दलित वर्ग की पीड़ा स्वयं अनुभव की है। यही कारण है कि भारत सरकार अपने बजट का एक तिहाई वंचित एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण पर खर्च कर रही है।

कांग्रेस पार्टी के पास विकास का दृष्टिकोण नहीं है और जनकल्याण से इसका कोई सरोकार नहीं है। आजादी मिलने से लेकर अभी तक कांग्रेस सत्ता के लिए तुष्टिकरण और जातीय विभाजन की गंदी राजनीति करती रही है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने द्वारकेश कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अन्तर्राज्यीय वॉलीबाल एवं खो खो स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में खेलों का स्तर बढ़ाने एवं हर गांव, हर शहर में खेलों का वातावरण बनाने के लिए खेलो इंडिया, टॉप्स जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। खिलाडियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाऐं दी जा रही है। इसी कारण पहली बार एशियाई खेलों में भारत को 107 पदक मिले हैं।

## मैंने कभी किसी जीतने योग्य उम्मीदवार का विरोध नहीं किया : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि उन्होंने कभी किसी जीतने योग्य उम्मीदवार का विरोध नहीं किया है और यहां तक कि उनका भी जो पिछले साल सितंबर में हुए प्रकरण के दौरान अनुशासनहीनता के आरोपी थे। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान के बाद पायलट की प्रतिक्रिया सामने आई, जिसमें गहलोत ने दिल्ली में कहा कि उन्होंने राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए सचिन पायलट के समर्थकों को टिकट देने का विरोध नहीं किया है। पायलट ने कहा कि वह सभी योग्य उम्मीदवारों के प्रस्तावों का खुले दिल से स्वागत करते हैं, यहां तक कि वे भी जो पिछले साल अनुशासनहीनता में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर माह में मुख्यमंत्री आवास पर बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में अशोक गहलोत खेमे के विधायकों के शामिल नहीं होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल, तत्कालीन मुख्य सचेतक महेश जोशी और राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को अनुशासनहीनता के लिए पार्टी द्वारा नोटिस दिया गया था।

गहलोत समर्थक विधायकों ने पिछले साल सितंबर में सचिन पायलट को नया मुख्यमंत्री नियुक्त करने के पार्टी के किसी भी कदम का विरोध करने के लिए जयपुर में मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर एक समानांतर बैठक की थी। उस समय अशोक गहलोत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में थे।

## कांग्रेस चुनाव जीतने वाले को उम्मीदवार बनाएगी : हुड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी सदस्य (सी.डब्ल्यू.सी.) एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस जल्दबाजी एवं हड़बड़ाहट में फैसला नहीं लेती , सर्वे के आधार पर ही चुनाव जीतने वाले को उम्मीदवार बनाया जायेगा।

हुड्डा आज राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर आये। उन्होंने जाट विश्राम स्थली पर स्व. नाथूराम मिर्धा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि केन्द्रीय चुनाव समिति सुझबूझ के साथ उम्मीदवारों का चयन का काम कर रही है। राजस्थान के लिये सूची जल्द जारी होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बौखलाहट को कांग्रेस से तौल रहे हैं, उनके मुंह बंद हो जायेंगे।

## ईलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया जनाना अस्पताल में हंगामा

भरतपुर। भरतपुर में जनाना अरस्पताल में एक महिला की ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने जनाना अस्पताल में हंगामा कर दिया। जानकारी के अनुसार भरतपुर में जनाना अरस्पताल में जाह्नवी पत्नी उमाशंकर गिर्राज कॉलोनी निवासी को बीपी लो होने के कारण भर्ती कराया गया था। रात 12 बजे अचानक महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और सुबह उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजनों चिकित्सकों पर ईलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल चिकित्सकों पर गुस्सा जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।




## राजस्थान से हमारा पुराना नाता, इस रिश्ते को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे : दुष्यंत चौटाला

भरतपुर/दक्षिण भारत । हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राजस्थान की सरकार में जेजेपी की हिस्सेदारी होने पर हरियाणा की तर्ज पर न केवल किसानों को फसलों के बेहतर दाम, समय पर भुगतान और फसल खराबे पर उचित मुआवजा दिया जाएगा बल्कि फसल खरीद के लिए बेहतर मंडी व्यवस्था भी स्थापित की जाएगी। महिलाओं को सुरक्षा देना जेजेपी की प्राथमिकता रहेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान को गैंगवार, खनन माफियाओं से मुक्ति दिलाई जाएगी। यहां की जनता से मिल रहा स्नेह बता रहा है कि राजस्थान की उन्नति और प्रगति के लिए जेजेपी की चाबी विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी। वे शुक्रवार को भरतपुर विधानसभा में जेजेपी की जन संकल्प यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला भरतपुर में मेगा रोड शो के जरिए करीब 30 स्थानों पर क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान डिप्टी सीएम का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा से सटे राजस्थान के जिलों में 25 से 30 सीटों पर जोर-शोर से चुनाव लड़ने की तैयारी जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से उनका पुराना नाता और इस नाते को हम मजबूती के साथ निभाएंगे।

## चुनाव के मद्देनजर 10 दिन में 143 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी विधानसभा आम चुनाव - 2023 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियां अवैध सामग्री जब्त करने के मामले में नित नए रिकॉर्ड बना रही हैं और आदर्श आचार संहिता लागू होने के 10 दिन में 143 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री जब्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। गत विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान 65 दिन में 70 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की गयी थी। उन्होंने बताया कि इसमें आचार संहिता लगने से अब तक 7 लाख 95 हजार 978 लीटर शराब (15 करोड़ 37 लाख रुपए कीमत) 26 करोड़ 27 लाख रु कैश, ड्रग्स लगभग 38.94 करोड़ रूपए, और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 15.72 करोड़ रूपए की जब्ती की गयी है, जबकि फ्रीबीज 46.24 करोड़ रूपए की कीमत की जब्त की गयी है।

गुप्ता ने बताया कि 21 करोड़ 20 लाख के सीजर के साथ जयपुर प्रदेश में सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर उदयपुर 11 करोड़ 20 लाख रुपए, तीसरे स्थान पर बाड़मेर 9 करोड़ 80 लाख रुपए चौथे स्थान पर 9 करोड़ 49 लाख रुपए के साथ भीलवाड़ा है। अलवर 8.31 करोड़, जोधपुर 8.26 करोड़, श्रीगंगानगर 7.17 करोड़, सीकर 6.63 करोड़, चित्तौड़गढ़ 6.53 करोड़ और पाली ने अब तक 5.26 करोड़ रुपए का सीजर किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में विभागों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला नवम्बर में भरेगा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में विश्व विख्यात अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला-2023 आगामी नवम्बर में भरेगा ।

पंचतीर्थ स्नान का धार्मिक मेला एकादशी 23 से 27 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा तक भरेगा जबकि इसके पहले चरण वाले पुष्कर पशु मेला के आयोजन में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कटौती कर दी गई है । राज्य में आगामी 25 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान को देखते हुए पशु मेला 14 से 20 नवम्बर तक आयोजित होगा ताकि दूरदराज से आये लोग समय पर अपने घर पहुंच कर मतदान वाले दिन मतदान कर सकें ।

# बिहार के लोग देश-विदेश में चौथी औद्योगिक क्रांति में योगदान दे रहे हैं: द्रौपदी मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गया/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं को निखारने के लिए जाना जाता है और राज्य के प्रतिभाशाली लोग भारत के साथ-साथ विदेश में भी चौथी औद्योगिक क्रांति में योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रपति ने यहां दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'राज्य (बिहार) के उद्यमशील लोगों ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्राचीन काल से ही बिहार प्रतिभाओं को निखारने के लिए जाना जाता रहा है। हम सभी चाणक्य और आर्यभट्ट जैसे महान विद्वानों के क्रांतिकारी योगदान को जानते हैं। बिहार के प्रतिभाशाली लोग भारत और विदेश में चौथी औद्योगिक क्रांति में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी को गर्व है कि दुनिया की पहली लोकतांत्रिक व्यवस्था बिहार की धरती पर विकसित हुई। इसी पवित्र भूमि पर भगवान महावीर और भगवान बुद्ध ने शांति, अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था।

राष्ट्रपति ने कहा, महात्मा गांधी ने 'अहिंसा परमो धर्म' के उनके संदेश को एक नया आयाम दिया। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर, भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की शिक्षाएं आज और भी अधिक प्रासंगिक हैं और हमारे देश की इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने से विश्व कल्याण में मदद मिल सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा छात्र इन समृद्ध परंपराओं के वाहक हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत प्रगति के साथ-साथ सामाजिक कल्याण और परोपकार के मूल्यों को अपने लक्ष्यों में शामिल करें। उन्होंने कहा, ऐसे समग्र लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास उनकी शिक्षा को सार्थक साबित करेंगे और सफलता के द्वार खोलेंगे। स्थानीय स्तर पर प्रगति के ऐसे वैश्विक मानकों को स्थापित करना सभी का उद्देश्य होना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि कई देश प्रतिभा की कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के प्रतिभाशाली और मेहनती युवा दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाओं और ज्ञान एवं विज्ञान की प्रगति में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। हमारे युवा इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर हम सभी को ऐसी जीवन शैली अपनानी होगी और ऐसे काम करने होंगे जिससे प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग और अधिकतम संरक्षण व संवर्धन हो सके।

## राज्य के लिए युवा बहुमूल्य हैं : मेघालय के मुख्यमंत्री



**शिलांग/भाषा।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने कहा कि राज्य के लिए 'युवा' बहुत बहुमूल्य होने के साथ साथ महत्वपूर्ण संसाधन भी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि युवाओं की क्षमता का अधिकतम उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को मेघालय बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा,'सभी हितधारकों की जिम्मेदारी है कि वह अपनी भूमिका सुनिश्चित करें जिससे प्रत्येक युवा को कुशल, प्रतिबद्ध, देशभक्त, अनुशासित और ईश्वर में विश्वास रखने वाला नागरिक बनने के लिए पोषित और निर्देशित किया जा सके।' उन्होंने कहा,'उत्तर प्रदेश जैसे देश के अन्य राज्यों की तुलना में मेघालय एक छोटा राज्य है इसलिए राज्य को सफलता और विकास के शिखर पर रखने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम प्रतिस्पर्धा करने और विकास में योगदान देने के साथ राज्य के विकास के लिए लोगों को कुशल बनाएं।' मुख्य सचिव डीपी वहलांग ने कहा, एमबीओएसई की यात्रा एक फुटबॉल मुकाबले की तरह लंबी रही है।



# मामलों के निपटारे में देरी से वादियों का न्यायिक व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा: उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यदि कानूनी प्रक्रिया 'कच्छप गति' से आगे बढ़ती है तो न्यायिक व्यवस्था से वादकारियों का मोहभंग हो सकता है। इसके साथ ही न्यायालय ने पुराने मामलों की तेजी से सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किये, जिनमें से कुछ उच्च न्यायालयों के लिए भी हैं।

न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों को लेकर एनजेडीजी के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए 'बार एवं बेंच' के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, '' कानूनी प्रक्रिया जब कच्छप गति से आगे बढ़ती है तो वादियों का मोहभंग हो सकता है। एनजेडीजी के आंकड़ों के अनुसार, कुछ मुकदमे 50 साल से लंबित हैं और इसे लेकर हमने अपनी पीड़ा व्यक्त की है। पीठ ने पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ पुराने मामलों का भी उल्लेख किया, जिनका 65 साल में भी निपटारा नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति कुमार ने कहा, ''जब (मामलों के निपटारे में) देरी जारी रहेगी, तो वादकारियों का न्यायिक प्रणाली से भरोसा उठ जाएगा।'' वादियों को बार-बार स्थगन मांगने में सावधानी बरतनी चाहिए। न्यायाधीशों ने लंबित मामलों से निपटने के लिए 11 दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा, ''...पीठासीन अधिकारियों की अच्छाई को उनकी कमजोरी के रूप में नहीं लेना चाहिए।''

## स्मृति ईरानी ने रेलवे स्टेशनों के नाम मंदिरों, महापुरुषों के नाम पर रखने के लिए पत्र लिखे



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने शारदीय नवरात्रि पर अपने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का नाम देवी मंदिरों और स्थानीय महापुरुषों के नाम पर रखने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री और रेल मंत्री को पत्र लिखे हैं।

केंद्रीय मंत्री ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि ईरानी ने रेलवे स्टेशन मिश्रौली का नामकरण संग्रामपुर स्थित शक्तिपीठ मां कालिकन धाम के नाम पर करने, जायस को गुरु गोरखनाथ धाम, बनी को स्वामी परमहंस धाम, कारिमपुर हाल्ट को कवि जायसी के नाम पर जायस सिटी करने, फुरसतगंज को पीढ़ी के बाबा तपेश्वर धाम के नाम पर करने के लिए पत्र लिखे हैं। गुप्ता ने बताया कि निहालगढ रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा बिजली पासी या वीरांगना उदा देवी पासी, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम सिंहपुर स्थित शक्तिपीठ मां अहोरवा भवानी धाम और वारिसगंज का अमर शहीद भाले सुलतानी के नाम पर रखने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखे हैं।

गुप्ता के मुताबिक, ईरानी ने फुरसतगंज हवाई अड्डे का नाम गुरु गोरखनाथ या राणा बेनी माधव के नाम पर करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखा है।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार जब्त किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**इंफाल/भाषा।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है। पुलिस के एक बयान में यह जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया है कि हथियार और गोला-बारूद बृहस्पतिवार को इंफाल पूर्वी जिले के सगोलमांग पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र के तहत शांतिपुर, खमेनलोक और वाकन इलाकों से जब्त किए गए।

पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए हथियारों में तीन एके 47/56, चार कार्बाइन मशीन गन, सात एसएलआर सहित 36 हथियार एवं 1,615 कारतूस और 82 हथगोले सहित विस्फोटक शामिल हैं।

बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने बुलेटप्रूफ जैकेट एवं वॉकी टॉकी सेट समेत 132 युद्ध सामग्री भी बरामद की। इसमें कहा गया है कि बरामद हथियारों में तीन एके-47/56 राइफल और कार्बाइन मशीन गन शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि जब्त की गई वस्तुओं को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सगोलमांग पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।

पुलिस ने यह भी कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में स्थिति नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को मणिपुर पुलिस के 132वें स्थापना दिवस पर कहा कि राज्य के वर्दीधारी कर्मियों को जातीय पहचान से इतर अपराधों को रोकने और संपत्तियों की रक्षा के लिए काम करना चाहिए।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने यह भी कहा कि स्वेच्छा से हथियार पुलिस को सौंपने वालों के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी।

# अखिलेश के बयान के बाद चौहान ने 'इंडिया' गठबंधन पर कसा तंज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटकों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार खड़े करने पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि वे ''दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती'' के आदर्श वाक्य से प्रेरित हैं।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों में शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कुछ सीटों पर अलग-अलग उम्मीदवारों की घोषणा की है। इससे संकेत मिलता है कि यह गठबंधन राज्य स्तर पर काम नहीं कर रहा है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सपा के लिए अब तक एक भी सीट नहीं छोड़ने से नाराज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी से वही व्यवहार मिल सकता है। विपक्षी गठबंधन में मतभेद को उजागर करते हुए यादव ने तीखी टिप्पणी की और कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को अपने छोटे नेताओं को उनकी पार्टी के बारे में टिप्पणी करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। दो दर्जन से अधिक दलों के हाल ही में बने गठबंधन में दरारों की ओर इशारा करते हुए चौहान ने इसे एक असंगत गठबंधन करार दिया और इसे 'घमंडिया' (अहंकारी) कहा।

भाजपा नेता ने एक बयान में कहा, ''हम पहले दिन से कह रहे हैं कि यह 'बेमेल गठबंधन' है। यह दिल्ली (केंद्र) में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती जैसा है। न तो उनके विचार एक जैसे हैं और न ही उनके दिल एक जगह हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के कारण यह टूट रहा है।'' चौहान के अनुसार सपा अध्यक्ष यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने उन्हें एक साल तक अंधेरे में रखा और बाद में सीटों के आवंटन को लेकर उनकी पार्टी को धोखा दिया।

चौहान ने आश्चर्य जताया कि 'इंडिया' गठबंधन किस प्रकार का समूह है जब कांग्रेस, सपा और आप मध्य प्रदेश में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं।



# टखने की चोट के कारण हार्दिक पंड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से बाहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में लगी चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप का अगला मैच नहीं खेल सकेंगे। पुणे में बृहस्पतिवार को लगी चोट के बाद हार्दिक पंड्या का स्कैन कराया गया। वह रिकवरी के लिये बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जा रहे हैं।

भारत को 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से खेलना है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा ,'' टीम इंडिया के उपकप्तान हार्दिक पंड्या को बांग्लादेश के खिलाफ क्षेत्ररक्षण के दौरान बायें टखने में चोट लगी है। उनका स्कैन कराया गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम पर उन नजर रखे हुए हैं। वह धर्मशाला नहीं जायेंगे और अब सीधे लखनऊ जायेंगे जहां टीम को इंग्लैंड से खेलना है।'' भारत को लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को खेलना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में केएल राहुल उपकप्तान हो सकते हैं। राहुल ने रोहित शर्मा और पंड्या की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी की थी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों को छोटा ब्रेक मिलेगा और टीम 26 अक्टूबर को लखनऊ में एकत्र होगी।

## मिजोरम में एमएनएफ सत्ता बरकरार रखेगी, 25 से अधिक सीट हासिल करेगी: मुख्यमंत्री जोरमथांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के अध्यक्ष जोरमथांगा ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी सत्ता बरकरार रखेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में 25 से अधिक सीट जीतेगी।

जोरमथांगा ने आइजोल पूर्वी-1 सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के बजाय मुख्य विपक्षी दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) एमएनएफ के लिए संभावित खतरा है। उन्होंने कहा, ''हम मिजोरम में सत्ता बरकरार रखने को लेकर आशान्वित हैं और 25 से अधिक सीट हासिल करेंगे। कई बाधाओं के बावजूद पिछले पांच वर्ष में लोगों ने हमारे कार्यों की सराहना की है।'' मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए सात नवंबर को एक ही चरण में चुनाव होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में, जोरमथांगा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी,जेडपीएम समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के. सपडांगा को 2,504 मतों के अंतर से हराकर आइजोल पूर्वी-1 सीट पर जीत दर्ज की थी। एमएनएफ प्रमुख ने विश्वास जताया कि वह अपनी सीट बरकरार रखेंगे और पिछले विस चुनावों की तुलना में अधिक मतों के अंतर से जीतेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस आरोप को खारिज करते हुए कि एमएनएफ और जेडपीएम दोनों ''मिजोरम में भाजपा और आरएसएस के प्रवेश के साधन हैं'', उन्होंने दावा किया कि एमएनएफ का आरएसएस के साथ कोई संबंध नहीं है।

## बुलाए जाने पर सीबीआई, आचार समिति के सवालों का जवाब देने को तैयार हूं: महुआ मोइत्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अगर एक नामी कारोबारी से पैसे लेने के आरोपों के संबंध में उन्हें बुलाया जाता है, तो वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और संसद की आचार समिति के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से लोकसभा सदस्य मोइत्रा पर संसद में प्रश्न पूछने के लिए एक कारोबारी से रुपये लेने का आरोप लगाने के बाद टीएमसी सांसद विवादों में घिर गई हैं। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए जांच समिति गठित करने का आग्रह किया है। मोइत्रा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ''अगर मुझे बुलाया जाता है, तो मैं सीबीआई और आचार समिति (जिसमें भाजपा सदस्यों का पूर्ण बहुमत है) को सवालों के जवाब देने को तैयार हूं। मेरे पास अडाणी द्वारा निर्देशित मीडिया सर्कस ट्रायल या भाजपा के ट्रोल्स को जवाब देने के लिए न तो समय है और न ही दिलचस्पी है।''

टीएमसी नेता ने कहा, ''मैं नदिया में दुर्गा पूजा मना रही हूं। शुभो षष्ठी।''

## तीस्ता स्टेज-3 बांध टूटने की जांच उच्च स्तरीय समिति करेगी : तमांग



**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम सरकार ने तीस्ता चरण-3 बांध टूटने की घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने यह जानकारी दी। मंगन जिले के चुंगथान में चार अक्टूबर को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण यह हादसा हुआ था। राज्य मंत्रिमंडल की 17 अक्टूबर को हुई बैठक में विश्वसनीयता, वास्तविकता और तकनीकी जानकारी, बांध का निर्माण करने वाले संघ की वित्तीय शोधनक्षमता को ध्यान में रखते हुए 1200 मेगावाट की तीस्ता चरण-3 परियोजना की आवंटन प्रक्रिया की जांच करने को तकनीकी विशेषज्ञों, वित्तीय विशेषज्ञों व विषय विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति बनाने का निर्णय लिया गया।

# जडेजा की शानदार गेंदबाजी से भारत बना रहा बीच के ओवरों में दबाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रविंद्र जडेजा बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर भी अपनी सटीक गेंदबाजी से प्रभाव छोड़ने में सफल रहते है लेकिन जब थोड़ी भी मदद हो तो वह टीम के सबसे घातक हथियार में से एक बन जाते है।

अपनी कुशल गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण से यह हरफनमौला उपयोगिता के मामले में निसंदेह भारत का 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' रहा है। वह मौजूदा विश्व कप में बीच के ओवरों में टीम के तुरुप का इक्का बन गए हैं। मौजूदा विश्व कप में जडेजा ऐसे खिलाड़ी बन गये है जिनके बिना इस भारतीय टीम की कल्पना करना मुश्किल है। जडेजा ने मौजूदा विश्व कप में चार मैचों में सात विकेट लिये है लेकिन इस दौरान वह अपनी धारदार गेंदबाजी से रनों पर अंकुश लगा कर बल्लेबाजी टीम पर दबाव बनाने में सफल रहे है। यह उनकी सटीकता ही है जिसने कुलदीप यादव को दूसरे छोर से अधिक आक्रमण करने का मौका दिया है। जडेजा ने अब तक चार मैचों में 37.5 ओवर में 131 डॉट गेंदें (21.5 ओवर) फेंकी हैं। डॉट बॉल प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 58.22 है। इन चार मैचों में उनके खिलाफ सिर्फ 11 बाउंड्री (नौ चौके और दो छक्के) लगे हैं। जडेजा से जब पूछा गया कि आप इस विश्व कप में क्या अलग कर रहे है तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, '' अगर आपको अपनी रणनीति बताउंगा। आप अंग्रेजी में छाप देंगे और लोग इसके बारे में जान जायेंगे।''

भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मुरली कार्तिक ने जडेजा की गेंदबाजी में आयी बदलाव के बारे में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जडेजा विश्व कप के दौरान अपनी गेंदबाजी में अच्छा मिश्रण कर रहे हैं। आप पहले के उनके एक्शन को देखें, तो यह राउंड आर्म हुआ करता था, इस वजह से वह बहुत सारे अंडर-कटर फेंकते थे।'' उन्होंने कहा, '' जडेजा अब 'राउंड आर्म' गेंदबाजी करने से बच रहे है और गेंद को दोनों ओर घुमाने पर ध्यान दे रहे है। उनकी गेंद सिम पर गिर कर अधिक उछाल प्राप्त कर रही है और इससे बल्लेबाज गच्चा खा रहे हैं।''


## कोहली को शतक से महरूम करने का बांग्लादेश का कोई इरादा नहीं था : शांटो



**पुणे/भाषा।** बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने इन अटकलों को खारिज किया कि स्पिनर नासुम अहमद ने जान बूझकर वाइड गेंद डाली ताकि विराट कोहली विश्व कप के मैच में शतक नहीं बना सकें। कोहली उस समय 97 रन पर खेल रहे थे और नौ ओवर बाकी थे जब भारत को 257 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिये दो रन की जरूरत थी। अहमद ने उस समय लेग साइड के बाहर गेंद डाली जिसे मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने वाइड करार नहीं दिया। कोहली ने 42वें ओवर में डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया और भारत को जीत दिलाई। शांटो ने मैच के बाद कहा ,'' हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। कोई गेंदबाज जान बूझकर वाइड नहीं डालता।'' अच्छी शुरूआत के बावजूद बांग्लादेश बड़ा स्कोर नहीं बना सका। शांटो ने कहा ,'' हमने पहले बड़े स्कोर बनाये हैं लेकिन मुझे लगता है कि हम जिम्मेदारी नहीं ले रहे। अगर लिटन या तांजिद बड़ी पारी खेल जाते तो बाकी बल्लेबाजों की राह आसान हो जाती।''

## पटनायक ने एशियाई पैरा खेलों में शामिल ओडिशा के खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने चीन के हांगझोउ में एशियाई पैरा खेलों में भाग लेने वाले ओडिशा के सातो खिलाड़ियों को शुक्रवार को 10-10 लाख रुपये के नकद प्रोत्साहन की घोषणा की। इन सात खिलाड़ियों में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत भी शामिल हैं।

जकार्ता में आयोजित पिछले एशियाई पैरा खेलों में भगत ने पुरुष युगल में कांस्य पदक हासिल किया था। उनके अलावा इस सूची में ट्रैक एंव फील्ड एथलीट जयंती बेहरा, दृष्टिबाधित शतरंज खिलाड़ी सौंदर्य कुमार प्रधान, व्हीलचेयर तलवारबाजी खिलाड़ी राखल कुमार सेठी, वी रमेश राव, प्रफुल्ल कुमार खंडायत्रय और पूजास्विनी नायक शामिल है। पटनायक ने कहा, ''हमें अपने पैरा-खिलाड़ियों पर बेहद गर्व है जिन्होंने प्रतिष्ठित एशियाई पैरा खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए अथक परिश्रम किया है।''

उन्होंने 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों में सफलता के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''पैरा-एथलीट मानवीय भावना और दृढ़ संकल्प के प्रमाण हैं।''

## सुविचार

**मिलता तो बहुत कुछ है इस जिंदगी में, बस हम गिनती उसी की करते हैं, जो हासिल ना हो सका।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# निष्पक्ष जांच की जाए

गाजा के अल-अहली बैप्टिस्ट अस्पताल में जोरदार धमाके में सैकड़ों लोगों की मौत की घटना दु:खद है। इसके वीडियो सोशल मीडिया समूहों में तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सभ्य समाज में आम नागरिकों पर इस तरह के हमलों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। ऐसी घटनाएं अपने पीछे तबाही के निशान छोड़ जाती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा पीड़ा आम आदमी के हिस्से में आती है। उक्त घटना के तुरंत बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। फलस्तीन की ओर से इजराइल पर दोषारोपण किया जा रहा है, वहीं इजराइल इस हमले में अपनी भूमिका होने से इन्कार कर रहा है, जिससे शक की सुई एक बार फिर हमास की ओर घूम रही है। अगर यह संगठन 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला न करता तो ऐसी घटना की नौबत ही न आती। हाल के महीनों में तुलनात्मक रूप से शांति थी। हालांकि दोनों ओर (इजराइल-फलस्तीन) से संबंधों में कोई मधुरता नहीं थी, लेकिन हिंसक टकराव की घटनाएं नहीं हो रही थीं। जब हमास ने हमले का आगाज किया तो तय माना जा रहा था कि अब इजराइल की ओर से जो प्रतिक्रिया आएगी, वह भरपूर ताकत से आएगी। आखिरकार यही हुआ। इजराइल ने जिस तरह गाजा में बम बरसाए, उसमें हमास के कई लड़ाके मारे गए। हालांकि आम नागरिक भी ऐसे हमलों की चपेट में आए। इजराइल ने गाजा में बड़ी-बड़ी इमारतों को पलभर में जमींदोज़ कर दिया। बताया गया कि इनका संबंध हमास से था। देश-दुनिया में इजराइल को इसके लिए भरपूर समर्थन मिल रहा था, लेकिन जब अस्पताल में धमाका हुआ तो इस पूरी कार्रवाई पर सवाल उठने लगे।

ईरान, जिसके अख़बार इजराइल पर हमला करने वालों की शान में कसीदे पढ़ रहे थे, अब अपना प्रथम पृष्ठ काला दिखाकर विरोध कर रहे हैं। दूसरी ओर अमेरिका कह रहा है कि गाजा अस्पताल में धमाके के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है। इस संबंध में व्हाइट हाउस ने बयान तक जारी किया। उसने इसके पीछे खुफिया जानकारी, मिसाइल गतिविधि, उपग्रह से ली गईं तस्वीरों, संचार सामग्री और 'ओपन सोर्स सूचना' के आधार पर यह दावा किया है। तो हमला किसने किया है? इस बीच वीडियो, ऑडियो एवं अन्य सूचनाओं के माध्यम से यह दावा किया जाना कि धमाका गाजा में सक्रिय एक अन्य आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद द्वारा गलत दिशा में रॉकेट दागे जाने के कारण हुआ, चिंता का विषय है। उक्त धमाके में आम नागरिकों की मौत तो दु:खद है ही, यह घटना फिर से भीषण टकराव की वजह बन सकती है। अब इजराइल का रुख इस संगठन के प्रति भी आक्रामक हो सकता है। वह इसके ठिकानों को निशाना बनाकर रॉकेट दाग सकता है। गाजा में हमास हो या ऐसे अन्य संगठन, वे सोची-समझी रणनीति के तहत पहले तो हमला करते हैं। फिर जब इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो वे आम नागरिकों को आगे कर देते हैं। उग्र नारों से माहौल जोशीला बनाने की कोशिश की जाती है। छोटे-छोटे बच्चों को पत्थरबाज बनाकर आगे खड़ा कर दिया जाता है। सात अक्टूबर की घटना और उसके बाद इजराइल के आक्रामक रुख से दोनों ओर अनेक आम नागरिकों का लहू बहा है। आज इस बात की जरूरत है कि तुरंत शांति बहाली की जाए। अस्पताल में धमाके की निष्पक्ष जांच की जाए। इसके पीछे जिसकी भूमिका हो, उसे जिम्मेदार ठहराकर दंडित किया जाए।

## ट्वीटर टॉक



प्रियंका गांधी कहती हैं, लड़की हूं लड़ सकती हूं पर क्या राजस्थान की लड़की, लड़की नहीं है? क्या आपने कभी पीड़ित महिलाओं के हक की आवाज उठाई। इस कांग्रेस पार्टी को तो वोट मांगने का हक नहीं है सत्ता में आना तो दूर की बात है।

**-दिया कुमारी**



झूठ बोलना, जनता को गुमराह करना ही कांग्रेस पार्टी का चरित्र है। प्रधानमंत्री जी ने भगवान श्री देवनारायण जी के मालासेरी डूंगरी मंदिर में लिफाफा नहीं बल्कि नगद राशि डाली थी। लेकिन प्रियंका गांधी द्वारा प्रधानमंत्री जी के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने के अर्नगल बयानबाजी की जा रही है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



फसल कटने के बाद जो अवशेष बचते हैं, उनका भी लाभ हमारे किसानों को मिले, इसपर भी हमारी सरकार काम कर रही है। इसके लिए पूरे देश में बायोफ्यूल और इथेनॉल यूनिट लगाई जा रही है। 9 वर्ष पहले की तुलना में आज देश में 10 गुना अधिक इथेनॉल उत्पादन हो रहा है।

**-राजेन्द्र राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# योग्य गुरु की तलाश

किसी समय में एक राजा हुआ करता था। एक दिन उस राजा के दिमाग में आया की एक योग्य गुरु की तलाश किया जाए। राजा ने राज्य में घोषणा करवा दिया की, जिसका भी आश्रम सबसे बड़ा होगा, राजा उसे अपना गुरु स्वीकार कर लेगा। फ़ीर क्या था घोषणा सभी तरफ आग की तरह फ़ैल गयी और देखते ही देखते अनेक सन्देश आने लगे की मेरा आश्रम बड़ा है मेरा आश्रम बड़ा है। और अगले दिन सभी अपने-अपने आश्रम का नक्शा लेकर राजमहल राजा के पास पहुंच गए। सभी ने राजा के सामने अपनी प्रस्ताव रखी, राजा भी एक-एक करके सबकी बात सुनता गया। फीर अंत में एक तेजस्वी साधु बाबा की बारी आयी। राजा ने उस तेजस्वी बाबा से पूछा की आपने तो बताया ही नहीं की आपका आश्रम कितना बड़ा है। सन्यासी बाबा ने कहा- राजन, मै यहाँ पर कुछ नहीं बताऊंगा। आप मेरे साथ स्वयं जंगल चल सकते हैं, वहां मै आपको मेरा आश्रम दिखा दूंगा। राजा साधु की बात पर राजी हो गया, और जंगल जाने को तैयार हो गया। फ़ीर राजा और साधु जंगल पहुचें, जंगल पहुंच कर साधु एक वृक्ष के नीचे आसन बिछा कर बैठ गया। राजा ने सवाल किया की सन्यासी महाराज कहाँ है आपका आश्रम।

## सामयिक

# विरोधियों से नहीं, अपनों से सामना करते राजनीतिक दल

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133



पांच राज्यों के चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है, चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। विशेषत: राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता के दावेदारों में लोक-लुभावन वादों एवं रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी हुई है। येन-केन-प्रकारेण सत्ता हथियाना इन चुनावों का चरम लक्ष्य है। इन तीनों ही प्रांतों में चुनावों की सबसे खास बात यह है कि इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूचियां सामने आ रही है, विरोध का स्वर उभर रहे हैं, उग्र विरोध को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनावों में परायों से अधिक डर इस बार अपनों' का चुनौती बनेगा।

वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है। जबकि मतदाताओं के सामने राज्य व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग विचार व अवधारणाएं होती हैं। दोनों ही प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने एवं उनकी मानसिकता को समझते हुए चुनावी मुद्दों को उछाल रही है। कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग राज्यों का क्षेत्रीय नेतृत्व वे मुद्दे उठा रहा है जिनसे राज्यों के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जबकि भाजपा की कोशिश है कि राज्यों के मुद्दों को केन्द्र में रखते हुए राष्ट्रीय विकास को मतदाताओं के सामने रखा जाये। भाजपा का मुख्य जोर विकास कार्यों एवं राष्ट्र विकास की योजनाओं पर है। दोनों पार्टियों में एक और मूलभूत अन्तर है कि भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव अभियान को गति दे रहा है, वहीं कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। जहां तक चुनावों में जा रहे तेलंगाना व मिजोरम राज्यों का सवाल है तो इनमें भी कांग्रेस पार्टी इन राज्यों की जरूरत के मुताबिक अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है और भारत राष्ट्र समिति व मिजो नेशनल फ्रंट पार्टियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहती है।

भाजपा इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने टिकट वितरण में इस बार तीनों राज्यों के क्षत्रपों की जगह भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय संगठन और संघ की राय को महत्त्व दिया है। भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है। सभी टिकट घोषित होने के बाद असंतोष के सुर तेज होने की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तो मध्यप्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभालते हुए नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया है। राज्य स्तर पर बगावती स्वरों से उत्पन्न नुकसान को नियंत्रित करने के लिये टीम बनाई गई है। चूंकि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रही है इसलिए पर्दे के पीछे बगावत को शांत करने का जिम्मा भी संघ को सौंपा गया है।

कांग्रेस पार्टी भी लगभग ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रही है। उसके सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता को दोहराने एवं मध्यप्रदेश में भाजपा को पछाड़ने की पूरी आस है, आशा एवं संभावनाभरे इन परिदृश्यों में उसे भी लग रहा है कि विरोधियों से मुकाबले में अपनों' से जूझने की समस्या है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है एवं स्थानीय मुद्दों को आगे किया है। टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के उग्र तेवर से कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। प्रश्न है कि नाराज कार्यकर्ताओं का असली विरोध चुनावी रणक्षेत्र में क्या रंग दिखाता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के सामने विरोधियों से ज्यादा अपनो का खतरा मंडरा रहा है। अक्सर चुनावों में इन स्थितियों का परिणामों पर सीधा असर पड़ता रहा है। जो भी चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टियों का भविष्य सीधे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से बंध जायेगा। उत्तर भारत के हिन्दी क्षेत्र के लिये भाजपा ही सर्वप्रिय पार्टी मानी जाती है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ माने जाते हैं। इन तीनों ही राज्यों में इस बार व्यापक फेरबदल की संभावनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही है। भले ही पिछले 2018 के चुनावों में भी ऐसा ही उलटफेर हुआ हो और कांग्रेस ने तीनों ही राज्यों में सरकारें बनाई थीं मगर कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। भारत के राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, विशेषत: मतदाताओं के बदलते मिजाज के बारे में कोई आकलन नहीं किया जा सकता है। विधानसभा में जीत दिलाने वाले मतदाता लोकसभा चुनावों में हार का सेहरा बांध देते हैं।

कांग्रेस पार्टी भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर गहरी नजरे गढ़ाए हुए है। कुछ मामलों में वह भाजपा की नीतियों को अपनाने में भी कोई हर्ज नहीं मान रही है। कतिपय मामलों में कांग्रेस पार्टी भी इन राज्यों के चुनावों को क्षेत्रीय के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। पांच राज्यों के ये चुनाव वास्तव में असाधारण चुनाव हैं क्योंकि राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को अपने पिछले पांच सालों के काम के बूते पर जनता का मत एवं मन जीतना है और मध्यप्रदेश में यही काम भाजपा को करना है। जिस प्रकार इन तीनों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लोकलुभावन घोषणां एवं मुफ्त की रेवड़ियां बांटी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव की आहट के साथ बहुत सी ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनसे गरीब व कम आय वाले लोगों के साथ किसानों को भी लाभ पहुंचा है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि चुनाव से ठीक पहले ही सत्ताधारी दलों को जन-कल्याण की चिन्ता क्यों सताने लगती है? प्रश्न है कि लोक कल्याणकारी राज के सिद्धान्त के अनुरूप गरीब वर्गों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का ढांचा खड़ा करने की वैधानिक व्यवस्था ये राजनीतिक दल क्यों नहीं करते? राजस्थान में गहलोत सरकार ने अपनी कुछ जनकल्याण की योजनाओं को कानूनी जामा भी पहनाया है परन्तु शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में जन उपकारी योजनाओं को वह कानूनी रूप में देखना चाहते हैं। बात केवल राजस्थान की नहीं है, सभी प्रांतों एवं केन्द्र में ऐसी व्यवस्था बननी ही चाहिए और ऐसे ही मुद्दें चुनावी मुद्दें भी बनने चाहिए।

चुनावी मौसम में ही मुफ्त की रेवड़िया बांटना एवं लोकलुभावन वादों की होड़ लगाना क्या लोकतंत्र का मखौल नहीं है? मतदाता को ठगने एवं लुभाने की इन चेष्टाओं पर सुप्रीम कोर्ट एवं चुनाव आयोग अनेक बार चेता चुका है, लेकिन नसीहत देने से आगे बढ़कर कठोर कदम उठाने होंगे। कठोर कार्रवाई के अभाव में ही हमारा लोकतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। विडम्बना है कि आज जनता की बुनियादी समस्याओं का हल एवं उसकी खुशहाली का रास्ता चुनावों से होकर नहीं जाता। हर चुनाव में आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। फिर भी कोई सारथी नहीं बनता।

लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। सारे ही दल एक जैसे हैं यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं। क्या पांच राज्यों के चुनाव एक बार फिर इसी स्वार्थ-नीति के शिकार होंगे? मतदाता को जागना होगा।

## विशेष

# व्रत के भोजन में ध्यान से करें तेल का चयन

**डॉ. मनोज मुरारका**

मोबाइल : 90017 99117

नवरात्रि के नौ दिनों में देवी मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भक्त कई तरह से पूजा-अर्चना कर मां को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। नवरात्रि के पर्व पर कई लोग व्रत भी रखते हैं। ज्यादातर लोग नवरात्रि के नौ दिनों में व्रत रखते हैं। खासतौर पर भोजन का विशेष ध्यान व्रत के दौरान ही रखा जाता है। कई ऐसे भी हैं, जो व्रत रख तो लेते हैं, लेकिन उन्हें व्रत में भोजन को सही तरह से खाने की जानकारी नहीं होती, जिसके कारण तबीयत बिगड़ सकती है। व्रत के दौरान खाया जाने वाला भोजन सादा और आसानी से पचने वाला होना चाहिए। इस दौरान कई चीजों का सेवन न करने की सलाह दी जाती है, जिनमें से एक है रिफाइंड ऑयल। कई लोग ऐसा मानते हैं कि व्रत में रिफाइंड का सेवन करने से शरीर में कई तरह के नुकसान होते हैं, जबकि कुछ लोग तेल में कई पकवान बनाकर खाते हैं।

कई लोग व्रत में सरसों का तेल या रिफाइंड तेल में पका हुआ खाना खाते हैं, लेकिन व्रत में सरसों, सोयाबीन या रिफाइंड तेल वर्जित माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि व्रत में घी, घर का बना मक्खन या मूंगफली का तेल ही खाना चाहिए। व्रत में खाने के लिए मूंगफली का तेल, जैतून का तेल या बादाम का तेल सही होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन तेलों को फलाहार की श्रेणी में रखा गया है। व्रत में रिफाइंड ऑयल की बजाय देसी घी या सफेद मक्खन खाना सबसे अच्छा होता है। आप देसी घी को सब्जी बनाने या पराठे बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। व्रत में घी, मक्खन, नारियल तेल या तिल का तेल जैसे हेल्दी तेल जरूर लें। इससे आपका एनर्जी लेवल बना रहता है।

एक्सपर्ट का कहना है कि नवरात्रि के व्रत में रिफाइंड तेल के सेवन से पूरी तरह बचना चाहिए। रिफाइंड तेल की बात करें तो उसे अलग-अलग बीजों से निकाला जाता है, जैसे सनफ्लावर ऑयल, मूंगफली का तेल, सोयाबीन ऑयल, जैतून का तेल इसके कुछ उदाहरण हैं। रिफाइंड तेल का स्मोकिंग प्वॉइंट ज्यादा होता है, इसलिए इसे ज्यादा गर्म तापमान पर इस्तेमाल किया जाता है। रिफाइंड ऑयल हेल्दी फैट की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए ये सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है। व्रत में ऐसा खाना खाया जाता है, जिससे शरीर में लंबे समय तक ऊर्जा बनी रहे, लेकिन रिफाइंड तेल का सेवन करने से थकान और पाचन की समस्या हो सकती है, इसलिए इसके प्रयोग से बचना चाहिए।

विशेषज्ञों का कहना है कि व्रत के दौरान हम कई ऐसी चीजों का सेवन करते हैं, जो कि तेल में तला जाता है। उदाहरण के लिए कुट्टू की पूड़ी, साबूदाना वड़ा, आलू के चिप्स आदि। इन चीजों को रिफाइंड तेल में तलकर खाने के कारण पेट में गैस और अपच की समस्या हो सकती है। रिफाइंड तेल का सेवन करने के कारण आपको ज्यादा थकान महसूस हो सकती है। इसके अलावा ब्लोटिंग और डायरिया के लक्षण भी नजर आ सकते हैं। हार्ट के लिए तो रिफाइंड तेल वैसे भी फायदेमंद नहीं माना जाता। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए व्रत के दौरान हमें रिफाइंड तेल का सेवन करने से बचना चाहिए।

आप अगर व्रत में तलने या सब्जी पकाने के लिए तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उसके नुकसान से बचने के लिए भी मात्रा तय करें। दिनभर में आप घी या मूंगफली का तेल और नारियल तेल की दो से तीन टेबलस्पून ही इस्तेमाल करें। इससे ज्यादा तेल का सेवन करने से शरीर में कैलोरी बढ़ जाती हैं। इसके अलावा आप पूड़ी खाने की बजाय कम तेल में पका पराठा खा सकते हैं।

ये सेहत के लिए कम नुकसानदायक होगा। ज्यादा तेल का सेवन हाजमा को खराब कर सकता है। भूख के कारण जिन लोगों को कब्ज की शिकायत होती है, उन्हें रिफाइंड तेल से पूरी तरह से दूरी बरतनी चाहिए। नवरात्रि उपवास में रिफाइंड तेल या सोयाबीन ऑयल के अलावा सरसों के तेल का इस्तेमाल भी नहीं किया जाता है।

## चिंतन

# जंकफूड से बिगड़ता जीवन तंत्र

**बाल मुकुन्द ओझा**

मोबाइल : 8949519406

देश और दुनिया में तेजी से बढ़ते जंक फ़ूड ने हमारे पाचन तंत्र पर पूरी तरह कब्ज़ा जमा लिया है। एक ताज़ा अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। यह रिपोर्ट 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है। मेडिकल पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित यह रिपोर्ट डरावने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है दुनियाभर के 14 प्रतिशत वयस्क और 12 प्रतिशत बच्चे तेजी से बढ़ते जंक फ़ूड के चलन से विभिन्न घातक बीमारियों की चपेट में आ गए है। मोटापे के साथ उच्च रक्त चाप, शुगर,ह्रदय रोग,कैंसर जैसी बीमारियों ने जकड़ना शुरू कर दिया है।

आजकल बच्चों, युवाओं और बड़ी उम्र के लोगों में जंक फ़ूड यानि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के प्रति तेजी से लगाव बढ़ रहा है। भारत की बात करे तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले ही चेता दिया है की स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरें को समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल केवल हम ही होंगे। देश में दबे पांव प्रवेश करने वाले जंक फूड जिसे फास्ट फूड भी कहते है ने हमारे सम्पूर्ण पाचनतंत्र पर कब्जा कर स्वास्थ्य के जीवन तंत्र को बिगाड़ कर रख दिया है। जंक अथवा फास्ट फूड आज घर घर में अल्पाहार के रूप में प्रयोग में लिए जा रहे है। जंक फूड चिप्स, कैंडी, शीतल पेय, नूडल्स, सैंडविच, फ्रेंच फ्राइज, पास्ता, क्रिस्प्स, चॉकलेट, मिठाइयाँ, हॉट डॉग जैसे पदार्थों को कहा जाता है। बर्गर, पिज्ज़ा जैसे तले-भुने फास्ट फूड



भी जंक फूड की श्रेणी में आती है। जाइरो, तको, फिश और चिप्स जैसे शास्त्रीय भोजनों को भी जंक फूड मानते हैं। जंक फूड में कार्बोहाइड्रेट, वसा और शर्करा होती है। इसमें अधिकतर तलकर बनाए जाने वाले व्यंजनों में पिज्ज़ा, बर्गर, फ्रेंकी, चिप्स, चॉकलेट, पेटीज मुख्य रूप से शामिल हैं। एक आहार विशेषज्ञ अनुसार बर्गर में 150-200, पिज्ज़ा में 300, शीतल पेय में 200 और पेस्ट्री, केक में करीब 120 किलो कैलोरी होती है जो आजकल लोगों पर मोटापे के रूप में हावी हो रहा है। यह देखा जाता है इस प्रकार के खाध पदार्थों ने घर घर में अपने पांव पसार लिए है। विशेषकर महानगरों के स्कूल, कालेजों और नौकरी करने वाले अधिकतर युवा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स अथवा फास्ट फूड पर चलते हैं, बल्कि यह कहना ज्यादा उचित होगा कि उन्हें इनका चस्का लगा हुआ है। नतीजा बड़ा ही खौफनाक है। इस फूड खाने के आदी युवा ऐसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं जो बुढ़ापे की बीमारियाँ समझी जाती हैं। बाजार में फूड के नाम पर जो चीजें सहज उपलब्ध हैं, उनमें शर्करा और चर्बी तो होती है, लेकिन प्रोटीन लगभग नदारद होती है। यही नहीं, उनमें पड़ने वाले कृत्रिम नमक और प्रिजर्वेटिव्स स्वास्थ्य के लिए जहर जैसे होते हैं। प्रोटीन की कमी उनमें कितनी ही स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा करती हैं। इसमें पोषण की कमी होती है और शरीर के तंत्र के लिए हानिकारक होता है। ज्यादातर अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड उच्च स्तर पर वसा, शुगर, लवणता, और बुरे कोलेस्ट्रॉल से परिपूर्ण होते हैं, जो स्वास्थ के लिए जहर होते हैं। इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है इसलिए आसानी से कब्ज और अन्य पाचन संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं।

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के खाद्य उत्पादों ने एक दशक में ही भारतीय बाजारों पर अपना कब्जा जमा लिया है। बड़े होटलों, रेस्ट्रां से लेकर जनरल स्टोर, किराने की दुकानों, थड़ियों और चायपान की दुकानों पर ये उत्पाद आपको आसानी से उपलब्ध हो जायेंगे। इनमें फास्ट फूड ऐसा उत्पाद है जो कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता है। मैगी इसका जीवन्त उदाहरण है। मैगी का उपयोग घर-घर में हो रहा है और बच्चे विशेष रूप से इसे बड़े चाव से खा रहे हैं। जंक फूड आमतौर पर चिप्स, कैंडी, बर्गर, पिज्ज़ा, फ्रेंकी, चाऊमीन, चाकलेट, पेटीज जैसे तले-भुने फास्ट फूड को कहा जाता है। इसके अलावा दुकानों पर लटकने वाली चमकीली थैलियों में लेज, कुरकुरे, चिप्स आदि का सेवन भी घर-घर में धड़ल्ले से हो रहा है। ठण्डे पेय का बाजार अलग से गर्म है। भांति-भांति के ठण्डे पेय की बोतलें बाजारों में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों ने न केवल महानगरों अपितु छोटे-छोटे नगरों, कस्बों और गांवों तक में अपनी पहुंच बना ली है।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# कांग्रेस इस तरह व्यवहार करेगी तो उसके साथ कौन खड़ा होगा : अखिलेश

**शाहजहांपुर, (उप्र)/भाषा**

कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश चुनाव में समाजवादी पार्टी को कोई सीट नहीं देने से नाराज समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ने शुक्रवार को कहा कि अगर कांग्रेस इस तरह व्यवहार करेगी तो उसके साथ कौन खड़ा होगा।

यादव ने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी को कोई सलाह या सुझाव नहीं दे रहा हूं लेकिन देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। भाजपा एक बड़ी पार्टी है और यह एक बहुत ही संगठित है। इसलिए इसे लेकर किसी भी पार्टी में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' यहां सपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर के बाद पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, भ्रम से लड़कर आप कोई चुनाव नहीं जीत पाएंगे। ट उन्होंने कहा, 'अगर कांग्रेस इस तरह का व्यवहार करेगी तो उसके साथ कौन खड़ा होगा।' उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच मतभेद की खबरों पर खुलकर टिप्पणी की।

यादव ने कहा, इंडिया गठबंधन को पहले ही यह बात साफ कर देनी चाहिए थी कि प्रदेश स्तर पर कोई समझौता नहीं होगा। मध्य प्रदेश चुनाव के लिए सपा से बात की गई तो हमने पार्टी के प्रदर्शन के बारे में बताया। इसके बाद कांग्रेस ने सपा को छह सीट देने पर सहमति जताई। बाद में जब कांग्रेस की सूची जारी हुई तो सपा को कोई सीट नहीं दी गई और हमारे निवर्तमान विधायक का भी टिकट काट दिया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा, इंडिया से पहले पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की बात हुई थी। मैंने कई मौकों पर कहा है कि इंडिया गठबंधन है लेकिन हमारी रणनीति पीडीए है और पीडीए एनडीए को हराएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ का जिक्र करते हुए कहा जब मध्यप्रदेश के एक नेता और एक पूर्व मुख्यमंत्री ने हमसे बात की और पूछा कि हमें कौन सी सीटें चाहिए, तो मैंने मध्य प्रदेश में विभिन्न चुनावों में सपा के प्रदर्शन के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश से कई उम्मीदवार जीते जो अन्य पार्टी में शामिल हो गए। मैंने याद दिलाया कि जब कांग्रेस को समर्थन की जरूरत थी, तो सपा विधायक ने सबसे पहले समर्थन की पेशकश की और सरकार बन गई थी।' यादव ने कहा, मेरा मानना है कि अगर आप कोई सीट देने को तैयार नहीं थे तो आपको हमसे बात नहीं करनी चाहिए थी। लेकिन, उन्होंने हमें कोई जानकारी नहीं दी। इसलिए, जहां हमारी मौजूदगी है, वहां सपा लड़ रही है। पिछले साल उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव भाजपा के हाथों समाजवादी पार्टी की हार को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की टिप्पणी पर भी यादव ने आपत्ति जताई।

सपा प्रमुख ने कहा, आजमगढ़ से गहरा रिश्ता है। यदि आप आजमगढ़ के बारे में कुछ भी कहते हैं, जो भावनाएं समाजवादियों की आज़मगढ़ के साथ हैं, संभव है कि वही भावनाएं कांग्रेस की रायबरेली और अमेठी में हैं। हमने कभी भी रायबरेली और अमेठी पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

राय ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर कहा था कि अगर अखिलेश यादव इतने ही मजबूत नेता हैं तो आजमगढ़ उपचुनाव में सपा भाजपा से कैसे हार गई।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अब तक एक भी सीट नहीं देने से कांग्रेस से नाराज सपा प्रमुख ने पिछले दिन संकेत दिया था कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ वैसा ही व्यवहार कर सकती है।

सपा प्रमुख की नाराजगी के बाद, राय ने शुक्रवार को पलटवार करते हुए कहा कि सपा उनकी पार्टी को दोष नहीं दे सकती क्योंकि उसने कांग्रेस से पहले अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की थी और वह अलग से चुनाव लड़कर भाजपा को मजबूती दे रही है।

## उद्घाटन




नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी शुक्रवार को नई दिल्ली में बीडब्ल्यू होटलियर इंडियन हॉस्पिटैलिटी समिट के उद्धाटन करते हुए।

# धोरडो की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाए जाने को लेकर बेहद रोमांचित हूं : मोदी

**नयी दिल्ली/भाषा**

विश्व पर्यटन संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा गुजरात के धोरडो को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह इससे बेहद रोमांचित हैं क्योंकि यह सम्मान न केवल भारतीय पर्यटन की क्षमता को दर्शाता है बल्कि विशेष रूप से कच्छ के लोगों के समर्पण का भी परिचायक है। उन्होंने 2009 और 2015 में गांव के अपने दौरे की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लोगों से उनकी यादें भी साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे अन्य लोगों को भी इस जगह का दौरा करने की प्रेरणा मिलेगी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, कच्छ में धोरडो की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता का जश्न मनाया जाता देखकर बेहद रोमांचित हूं। यह सम्मान न केवल भारतीय पर्यटन की क्षमता को, बल्कि विशेष रूप से कच्छ के लोगों के समर्पण को भी दर्शाता है। धोरडो चमकता रहे और दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता रहे।

# स्व-निर्वासन समाप्त करके घर लौटेंगे नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद/भाषा**

गिरफ्तारी और कारावास की धमकियों से बेपरवाह, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के अगले आम चुनावों में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने और रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की कोशिशों के लिए चार साल के बाद शनिवार को देश लौटने की उम्मीद है। सऊदी अरब में दो दिन बिताने के बाद शरीफ इस समय दुबई में हैं। वह एक चार्टर्ड विमान से यहां आ सकते हैं। इसके बाद वह लाहौर रवाना हो सकते हैं और वहां मीनार-ए-पाकिस्तान में अपनी पार्टी की रैली को संबोधित कर सकते हैं। शरीफ को भ्रष्टाचार के दो मामलों में संरक्षणात्मक जमानत मिल गई है और उनके इस्लामाबाद पहुंचने पर गिरफ्तार किये जाने की संभावना नहीं है। शरीफ (73) ब्रिटेन में स्व-निर्वासन में चले गये थे और 2020 में जमानत पूरी होने के बाद लौटने की शर्तों को उन्होंने पूरा नहीं किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 2019 में उन्हें इलाज के लिहाज से विदेश जाने के लिए उनकी सजा आठ सप्ताह के लिए निलंबित कर दी थी, लेकिन फिर वह लौटे नहीं। लाहौर उच्च न्यायालय में इस महीने की शुरुआत में जमा की गयी शरीफ की स्वास्थ्य रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें अब भी कुछ समस्याएं हैं और उन्हें लंदन तथा पाकिस्तान में लगातार जांच कराते रहना होगा।

शरीफ ने 1981 में सैन्य शासक जनरल जिया उल हक के कार्यकाल में राजनीति शुरू की थी और पंजाब प्रांत के वित्त मंत्री बने थे। इसके बाद वह 1985 में राज्य के मुख्यमंत्री बने। पीएमएल-एन नेता उज्मा बुखारी ने कहा कि हर व्यक्ति को अदालत जाने का अधिकार है और दोषियों को अदालतों तक पहुंचने की अनुमति देने के लिए संरक्षण जमानत मिलने के अनेक उदाहरण हैं।

# इजराइल-गाजा संघर्ष में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो : सत्यार्थी

**नयी दिल्ली/भाषा**

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी सहित 29 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने इजराइल-हमास संघर्ष में मासूम बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए कहा है कि बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। इन 29 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने एक साझा बयान में यह भी कहा कि इजराइल और गाजा के बच्चे भी 'हमारे बच्चे' हैं तथा उन्हें तत्काल सुरक्षा एवं मानवीय सहायता की आवश्यकता है।

सत्यार्थी ने यह साझा बयान अपने 'एक्स' हैंडल पर साझा किया है। इस साझा बयान पर नोबेल पुरस्कार की सभी छह श्रेणियों के 29 विजेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

इन्होंने यह मांग भी की कि सभी अपहृत बच्चों को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए और बच्चों को युद्धस्थल से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को पानी, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और आश्रय से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्हें और दूसरे जरूरतमंद व्यक्तियों को तत्काल मानवीय सहायता पहुंचाई जानी चाहिए। इन नोबेल विजेताओं का कहना है, ''करुणा सिर्फ एक समूह के बच्चों के लिए ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमारे दिलों में निश्चित रूप से, दोनों ही पक्ष के बच्चों के लिए एक जैसी पीड़ा है। गाजा पट्टी में रहने वाले 10 लाख बच्चों और इज़राइल में रहने वाले तीस लाख बच्चों के जीवन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। सत्यार्थी के साथ इस साझा बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में जोस मैनुअल रामोस-होर्टा (1996 नोबेल शांति पुरस्कार विजेता), ऑस्कर एरियस (1987 नोबेल शांति पुरस्कार विजेता), डॉ. स्टीवन चू (भौतिकी में नोबेल पुरस्कार विजेता), डॉ. बैरी बैरिश (2017 भौतिकी का नोबेल), डॉ. जोहान डेसेनहोफर (1988 रसायन विज्ञान का नोबेल), शिरीन इबादी (2003 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता), डॉ. मोहम्मद अलबरदेई (2005 नोबेल शांति पुरस्कार विजेता) और लेमाह ग्बोवी (2011 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता) शामिल हैं।



# एक्सीडेंटल दूल्हा में नजर आयेंगे विक्रांत सिंह राजपूत

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म एक्सीडेंटल दूल्हा में काम करते नजर आयेंगे। विक्रांत सिंह राजपूत जल्द ही फिल्म एक्सीडेंटल दूल्हा में एक नये अंदाज में नज़र आने वाले हैं।

विक्रांत सिंह राजपूत ने बताया कि यह फिल्म एक नयी कहानी के साथ नई यात्रा पर लेकर जाने वाली है, जो दर्शकों को भी पसंद आएगी। फिल्म में मनोरंजन के साथ एक अच्छी फिल्म के सभी गुण हैं और यह जब बड़े पर्दे पर आएगी तो दर्शक खूब फिल्म को एन्जॉय करने वाले हैं।हमारी इस फिल्म में खूब फन होने वाला है।फिल्म के निर्माता विवेक कुमार , निर्देशक आनंद सिंह हैं।

विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि इस फिल्म में दर्शकों को मनोरंजन का हर स्वाद मिलने वाला है। फिल्म के टाइटल से भी आप इसके रोमांच का अंदाजा लगा सकते हैं। फिल्म में मेरी भूमिका बेहद खास है। ऐसी फ़िल्में भोजपुरी के ग्राफ को आगे बढ़ाने वाली है। फिल्म को लेकर हम सभी उत्साहित हैं।इस फिल्म की कहानी, संवाद, नृत्य और प्रस्तुति बेजोड़ होने वाली है। एक कलाकार के नाते हम अपने दर्शकों से यही अपील करेंगे कि आप अपने प्यार और आशीर्वाद से हमें प्रोत्साहित करते रहें। हम आपके लिए एक से बढ़कर एक अच्छी और पारिवारिक फ़िल्में लेकर आते रहेंगे। फिल्म एक्सीडेंटल दूल्हा का निर्माण अक्स पाठशाला इंटरटेनमेंट कर रही है।

लेखक मनोज पाण्डेय हैं। इस फिल्म में विक्रांत के साथ आकांक्षा अवस्थी, कुणाल सिंह, बीना पांडेय और लाल धारी हैं।

# सर्कस कला का संरक्षण और प्रोत्साहन वक्त की जरूरत : नकवी

**नई दिल्ली/भाषा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि सर्कस कला का संरक्षण, प्रोत्साहन और प्रचार-प्रसार करना वक्त की जरूरत है ताकि यह कला फिर से ऊंचाइयों को छू सके।

उन्होंने यहां 'अंतरराष्ट्रीय सर्कस महोत्सव' के उद्धाटन के अवसर पर यह भी कहा कि आधुनिक डिजिटल मनोरंजन के दौर में सैकड़ों साल पुरानी शानदार धरोहर हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नकवी ने कहा, '' सर्कस कला का संरक्षण, प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन वक्त की जरूरत है, ताकि यह कला फिर से ऊंचाईयों को छू सके।'' उन्होंने कहा कि कला, कौशल, कॉमेडी के कुबेर दुनिया की उथल-पुथल के बीच भी मानवीय मूल्यों, शान्ति, सद्भाव के सशक्त सन्देशवाहक हैं।

# वेब सीरीज 'पर्मानेंट रूममेट्स' से ही मुझे पहचान मिली : निधि सिंह

**मुंबई/एजेन्सी**

रोमांटिक कॉमेडी वेब सीरीज 'पर्मानेंट रूममेटस' में काम करने वाली अभिनेत्री निधि सिंह को इस शो से काफी लोकप्रियता मिली। अभिनेत्री ने अपना करियर एक थिएटर कलाकार के रूप में शुरू किया था। अब एक्ट्रेस सीरीज के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। निधि ने बताया कि इस शो के बाद ही लोगों ने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में पहचानना शुरू किया। वेब सीरीज 'पर्मानेंट रूममेटस' (टीवीएफ) में तान्या का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री को आज तक उनके इसी किरदार के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। शो का तीसरा सीजन आखिरकार आ गया है और दर्शकों को एक बार फिर तान्या और मिकेश की केमिस्ट्री पसंद आई है।

एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के बारे में कई बातें साझा की, निधि ने कहा, ऐसी दुनिया में आना हमेशा अच्छा लगता है जो आपको खुश करती है। 'पर्मानेंट रूममेटस' परिचित लगता है। यह एक परिवार की तरह है। जब मैंने पहले सीजन की शूटिंग शुरू की थी, उस समय मैं वास्तव में एक अभिनेत्री नहीं थी। मेरी एक क्लिप वायरल हो गई थी और लोग मुझे उसी के लिए जानते थे।'' अभिनेत्री ने कहा, 'पर्मानेंट रूममेटस' के बाद, लोगों ने मुझे एक अभिनेत्री के रूप में पहचानना शुरू कर दिया। मेरे लिए सब कुछ वहीं से शुरू हुआ और आज तक मुझे इसके लिए सबसे अधिक सराहना मिली है। इस बारे में बात करते हुए कि क्या लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर उसी किरदार में ढलना मुश्किल था, उन्होंने कहा, किरदार की नब्ज और सार लेखन में है। अगर लेखन अच्छा है, तो आपको बस समर्पण करना होगा और हमने बस यही किया। साथ ही बहुत कुछ आपके सह-अभिनेताओं पर भी निर्भर करता है।'' 'पर्मानेंट रूममेटस' सीजन 3 अरुणाभ कुमार द्वारा निर्मित और श्रेयांश पांडे द्वारा निर्देशित है। इसमें सुमीत व्यास और निधि सिंह मुख्य भूमिका में हैं और इसकी अमेजन प्राइम पर स्ट्रीमिंग हो रही है।



# आमिर खान के साथ फिर जोड़ी जमायेगी फातिमा सना शेख!

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख एक बार फिर से आमिर खान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर नजर आ सकती है। आमिर खान ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पांच फिल्मों का जिक्र पिछले दिनों किया था। चर्चा है कि आमिर ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली एक और फिल्म के लिए फातिमा सना शेख को बतौर मुख्य कलाकार चुन लिया है। बताया जा रहा है कि यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी।फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है।अद्वैत चंदन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे।



अद्वैत चंदन फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की पहली तिमाही से शुरू होगी। इससे पहले आमिर ने फातिमा को मलयालम फिल्म जय जय जय जय हे की हिंदी रीमेक के लिए साइन किया था, लेकिन वह फिल्म नहीं बन पाई।

# 'कश्मीर में शूटिंग करना सपने के सच होने जैसा था' : ईशा शर्मा

**मुंबई/एजेन्सी**



आगामी शो 'पश्मीना-धागे मोहब्बत के' में अभिनेत्री ईशा शर्मा मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि कश्मीर में शो की शूटिंग करना एक सपने के सच होने जैसा था। यह शो कश्मीर की जादुई घाटी में मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रेम कहानी प्रस्तुत करता है। इस मनोरम कहानी में ईशा पश्मीना की भूमिका निभाती है, जो एक जीवंत और उत्साही युवा लड़की है जो प्यार के विचार में विश्वास करती है और अपने लिए एक अनोखी प्रेम कहानी का अनुभव करने का सपना देखती है। कश्मीर में जन्मी पश्मीना अपनी मां प्रीति (गौरी प्रधान) को कश्मीर आने वाले पर्यटकों के लिए हाउसबोट व्यवसाय चलाने में मदद करती है।

ईशा ने पश्मीना के अपने चित्रण पर खुलकर बात की। ईशा ने कहा, पश्मीना, टेलीविजन में मेरा पहला कदम होने के नाते, ऐसे स्थान पर शूटिंग करना एक सपने के सच होने जैसा लगता है। यह मेरे दृश्यों को मेरी सर्वोत्तम क्षमताओं के अनुरूप पेश करने के लिए प्रेरणा की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है। उन्होंने कहा, कश्मीर की आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि हमारी कहानी कहने की वास्तविकता को बढ़ाती है, जो हमारे शो के सार के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमारा लक्ष्य अपने दर्शकों को एक प्रामाणिक और गहन अनुभव प्रदान करना है।'' अभिनेत्री ने आगे कहा, यह मेरा पहला शो है, और इस अनुभव का हर पहलू पूरी तरह से ताजा और उत्साहजनक लगता है। मुझे निर्माताओं को श्रेय देना चाहिए क्योंकि यह कहानी के विभिन्न पहलुओं को एक साथ बुनने, निरंतरता बनाए रखने और ऐसी असाधारण स्क्रिप्ट की खोज करने की एक जटिल प्रक्रिया है। अपने किरदार पश्मीना के साथ समानताएं होने पर ईशा ने जवाब दिया, यह किरदार मेरे अपने व्यक्तित्व को बहुत हद तक प्रतिबिंबित करता है। पश्मीना की तरह, मैं भी एक मौज-मस्ती पसंद व्यक्ति हूं जिसे सपने देखना पसंद है।

## शुभकामना



भाजपा उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को हाल ही में भारत के उड़ीसा राज्य का राज्यपाल घोषित किये जाने के बाद पार्टी समर्थकों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं द्वारा भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए।

# अदा शर्मा अगले प्रोजेक्ट 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' के लिए साथ आईं

**मुंबई/एजेन्सी**

'द केरला स्टोरी' की अभिनेत्री अदा शर्मा निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ अगले प्रोजेक्ट 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' के लिए जुड़ गई हैं। तीनों ने मुहूर्त पूजा के साथ शूटिंग शुरू की, उसके बाद स्थान पर पहले दिन की शूटिंग की गई। पूजा में विपुल, सनशाइन पिक्चर्स से आशिन ए शाह, सुदीप्तो और अदा शर्मा मौजूद थी। पूजा के ठीक बाद अदा ने लोकेशन पर अपना पहला शॉट दिया।

अभिनेत्री ने फिल्म के लिए अपना पहला संवाद बोला और वह मिलिट्री पैंट, एक काली कमांडो टी-शर्ट और कमांडो जैसा बंधना पहने हुए नजर आईं। इससे वाकई फिल्म देखने का उत्साह बढ़ गया है।

जून में निर्माताओं ने फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी, और सोशल मीडिया पर लिखा था, छिपा हुआ सच जो देश को तूफान में ले जाएगा.. बस्तर। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और आशिन ए शाह द्वारा सह-निर्मित, 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है और लास्ट मॉन्क मीडिया के सहयोग से सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनाई गई है। यह 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

गत जन्मों के पुण्य से हुआ लक्ष्मी का अर्जन यदि इसे इस जन्म में पाप कार्यों में विसर्जन कर देंगे तो नव जीवन का सृजन कैसे होगा। हमारा आधा जीवन तो सोने में व्यतीत हो जाता है और आधा सोने को बनाने में। हम भूल गए हैं कि इस संसार में विगत जन्मों के संचित पुण्यों को और अधिक तीव्र करना है ताकि हम मुक्ति पथ की ओर अग्रसर हो सके। क्योंकि जीवन का अंतिम लक्ष्य तो मुक्ति ही है। लेकिन हम हमारे जन्म के इस मूल उद्देश्य से भटक गए। धर्म साधना, प्रभु आराधना तथा उपासना करने का न तो समय है और न ही संकल्प। यह दुर्लभ मानव जीवन यूं ही व्यर्थ बहता जा रहा है।

# अरिहंत परमात्मा के सर्वोच्च गुण करुणा को आत्मसात् करना चाहिए : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। गत जन्मों के पुण्य से हुआ लक्ष्मी का अर्जन यदि इसे इस जन्म में पाप कार्यों में विसर्जन कर देंगे तो नव जीवन का सृजन कैसे होगा। हमारा आधा जीवन तो सोने में व्यतीत हो जाता है और आधा सोने को बनाने में्। हम भूल गए हैं कि इस संसार में विगत जन्मों के संचित पुण्यों को और अधिक तीव्र करना है ताकि हम मुक्ति पथ की ओर अग्रसर हो सके। क्योंकि जीवन का अंतिम लक्ष्य तो मुक्ति ही है। लेकिन हम हमारे जन्म के इस मूल उद्देश्य से भटक गए्। धर्म साधना, प्रभु आराधना तथा उपासना करने का न तो समय है और न ही संकल्प। यह दुर्लभ मानव जीवन यूं ही व्यर्थ बहता जा रहा है।

यह विचार शाश्वती नवपद ओली के प्रथम दिन आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने बिन्नी नोर्थटाउन के श्री सुमतिवल्लभ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में व्यक्त किए. उन्होंने कहा जीवन में अमरता



पाने के लिए हृदयरूपी कमल में करुणा रूपी अमृत की प्रथम आवश्यकता है। हमारे सभी अरिहंत परमात्माा में करुणा रूपी अमृत सर्वोच्च गुण के रूप में विद्यमान है। भगवान महावीर के जीवन में सदैव दु:ख देने वाले संगम के प्रति प्रभु ने सदैव करुणा की भावना रखी। संगम ने प्रभु महावीर के पैरों में किले ठोके, प्रभु का आधा शरीर में धरती में उतर गया। छ महीने तक प्रभु को आहार ग्रहण नहीं करने दिया। फिर भी प्रभु ने संगम के प्रति करुणा का भाव रख कर उसका कल्याण कर दिया।पार्श्वनाथ भगवान ने कष्ट देने वाले कमठ के प्रति सदा समता और करुणा भाव रखा।अन्य ने भी इसी तरह से करुणा बरसाई्। यह सभी शास्त्र सम्मत बातें यही सिद्ध करती है कि परमात्मा के जीवन में करुणा सर्वोपरि थी। करुणा, मां महात्मा और परमात्मा तीनों करते हैं्। मां कुछ पाने के लिए, महात्मा नाम की भावना से करुणा करते हैं लेकिन परमात्मा की असीम करुणा के पीछे कुछ भी पाने की प्रवृत्ति नहीं होती। क्योंकि अरिहंत परमात्मा का धर्म, प्रकृति एवं स्वभाव ही करुणामय है और जहां पर धर्म, प्रकृति एवं स्वभाव करुणामय हो जाता है। वहां व्यक्ति कुछ भी पाने की लालसा से मुक्त हो जाता है। यही मुक्ति उसे दिव्य मुक्ति की ओर ले जाती है।



# खेतेश्वर महिला मंडल द्वारा गरबा एवं डांडिया रास का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां बगसिंह बागरा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार साहुकारपेट क्षेत्र के विभिन्न गरबा मंडलों एवं हिन्दी भाषी लोगों द्वारा समाज भवनों में नवरात्रि महोत्सव को लेकर गरबा एवं डांडिया रास का आयोजन चल रहा है। गरबा एवं डांडिया रास परवान पर चढ़ा नजर आ रहा है।

इसकी तहत गुरुवार को रात्री साहुकारपेट क्षेत्र के समुद्र मुदली स्ट्रीट स्थित खेतेश्वर भवन में श्री खेतेश्वर महिला मंडल द्वारा मां दुर्गा के दरबार में गरबा एवं डांडिया रास का आयोजन हो रहा है। जहां शाम होते ही रंगी बिरंगी रोशनी से जगमगाते गरबा पंडाल में नन्हें मुन्नी बालिकाएं, युवतियां एवं महिलाएं अपने परम्परागत मारवाड़ी वेशभूषा में सज धजकर आकर देर रात तक गुजराती व मारवाड़ी गरबा गीतों नृत्य कर रही है। वही खेतेश्वर भवन में नन्ही मुन्नी बालिकाएं सज धजकर डांडिया खेल रही है दिनों दिन उनकी व महिलाओं कि भीड बढती जा रही है कार्यक्रम के अंत में प्रतिदिन नृत्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को इनाम व प्रसादी वितरण कि जा रही है।

# एशियन गेम्स विजेता अभयसिंह का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


चेन्नई। यहां गुरुनानक एजुकेशन सोसायटी प्रबंधन ने एशियाई खेल 2023 में कॉलेज के द्वितीय एमबीए के छात्र अभयसिंह का खेलों में स्वर्ण और कास्य पदक जीतने पर अभिनंदन किया। महासचिव एवं संवाददाता मंजीत सिंह नायर, उपाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह नरूला, सलाहकार, प्रिंसिपल, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, वाइस प्रिंसिपल एसएफएस 1 और एसएफएस2, आईक्यूएसी समन्वयक, डीन, सीओई, स्पोर्ट्स काउंसिल संयोजक डॉ. नमसिवायम, भौतिक निदेशक, स्कूल प्राचार्य सेल्वराज, गुरु नानक कॉलेज और स्कूल के सभी सहयोगियों ने अभय सिंह की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। सम्मानित अतिथि द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता साइरस पोंचा, स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन के महासचिव औरकोच बालामुरुगन, फिजियोथेरेपिस्ट डिंपल कन्नन ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और अभय सिंह को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए सफलता की शुभकामनाएं दीं।

खेल परिषद के संयोजक डॉ. नमशिवायम ने स्क्वैश के क्षेत्र में अभयसिंह की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साइरस पोंचा ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने अभय सिंह की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ-साथ उनके दृढ़ संकल्प और अनुशासन पर प्रकाश डाला, जो खेल के प्रति उनके समर्पण को साबित करता है। उन्होंने प्रशंसा की कि अभय सिंह की उपलब्धियां देश के लिए गर्व का स्रोत हैं और उनके भविष्य के लिए एक प्रमाण हैं।

गुरुनानक एज्युकेशन सोसाइटी की ओर से अभयसिंह को उनकी उपलब्धि के लिए पुरस्कार के रूप में 3.5 लाख रुपए दिए गए। इस मौके पर अभयसिंह के अभिभावक विशेष रूप से आमंत्रित किए गए उनका भी सम्मान किया गया।

# अगर आपको जीवन में दवा नहीं लेनी है तो शुरू करो आयंबिल ओली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां के पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वी श्री चैतन्याश्रीजी महाराज साहब ने अपने प्रवचन में बताया कि इस नवरात्रि के पावनकारी आनंदकारी दिनों में हम 9 पदों का श्रवण कर रहे हैं। नौ कुंभ कलश में से हमने पूर्व में चार कलश देखे। आज का पांचवा कुंभ कलश नमो लोए सव्वसाहुणम यानी लोक में जितने साधु साध्वी है सभी को मेरा नमस्कार हो। महाविदेह, भरत, ऐरावत क्षेत्र में ही साधु है जब कोई केवली बन जाता है तो आयु कर्म और कर्म ज्यादा है तब वह केवली समुदघात करते हैं तब अपने आत्म प्रदेश पूरे लोक में फैलाते हैं। अगर आपको जीवन में दवा नहीं लेनी है तो शुरू करो आयंबिल ओली। इन दिनों में ज्यादा से ज्यादा शरीर में बीमारियां उत्पन्न हो सकती है। क्या आपने कभी संतों से कांटेक्ट करने की कोशिश की, आकर उनकी सुख-साता पूछते हो, नहीं क्योंकि हमारा कनेक्शन ही नहीं बना। हम संतों के पास अपने स्वार्थ के लिए जाते हैं्। संतों की संगत में आएंगे तो आनंद ही पाओगे क्योंकि मोक्ष जाने का रास्ता वही हमें बता सकते हैं। भौतिक युग का कनेक्शन तोड़ोगे तभी संतों की संगत का कनेक्शन होगा।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक गौतमचंद गुगलिया ने बताया कि शनिवार को बच्चों के शिविर का समापन होगा। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



# सीरवी समाज सरजापुर में गरबा महोत्सव

बेंगलूरु। नवरात्र स्थापना दिवस से ही पहली बार सीरवी समाज सरजापुर रोड़ ट्रस्ट द्वारा कोड़ती ग्राम में प्रतिदिन सायं माताजी की आराधना के साथ पंवार भवन परिसर में गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। शाम होते ही माता के दरबार में महिलाएं, युवतियां और बालिकाओं द्वारा भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य किया जा रहा है साथ ही नियमित रूप से सायं प्रसादी का आयोजन भी हो रहा है। गरबा उत्सव में 'पंखिडा रे उड़ने जाइजो पावा गढ़ रे.... ओढ़नी ओढ़ूं तो उड़ उड़ जाए....' आदि कई भक्तिमय गीतों पर भक्तजन थिरक रहे हैं। गरबा नृत्य के नौ दिन तक चलने वाले आयोजन में गणेशराम परिहार, डूंगाराम पंवार, सुखाराम चोयल, प्रकाश भायल, वोराराम सोलंकी, हीरालाल पंवार, बाबूलाल राठौड़, सुजानराम, भूपेश कश्यप, शेसाराम, भुण्डाराम, थानाराम, रमेश बर्फा, मदन काग सहित समस्त सदस्य नियमित उपस्थित रहते हैं।

# अनुराधा पौडवाल शो का आयोजन 28 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। स्थानीय ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट मद्रास के तत्वावधान में 28 अक्टूबर को एसएस खेतपालिया फाउंडेशन अनुराधा पौडवाल लाइव शो का आयोजन श्री मुथा वेंकट सुब्बाराव कंसर्ट हॉल लेडी अंडल कैंपस चेतपेट में किया जा रहा है। ट्रस्ट के सचिव अजय नाहर ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के दान दाताओं सदस्यों तथा उनके परिवारों के लिए किया जा रहा है और आयोजन से प्राप्त संपूर्ण आय को चैरिटी कार्यों में दान दे दिया जाएगा। अध्यक्ष राज कुमार कोठारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन में ट्रस्ट के अलावा कई बड़ी कंपनियां, सामाजिक संस्थाएं एवं समितियों ने कार्यक्रम का प्रायोजक बन प्रोत्साहन किया है। चेयरमैन सुरेश लूनावत ने बताया कि सभी प्रायोजकों द्वारा कार्यक्रम के लाइव शो के लिए अभी से जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के मार्गदर्शक सुभाष रांका सह चेयरमैन अजित गोठी गजेंद्र सेठिया, कमलेश कोठरी, सुनील रांका, नीलम लोढ़ा, आकाश, रेखा नाहर, स्रेनिक नाहर तथा ब्यावर यूथ एसोसिएशन की पूरी टीम कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है।



# मनुष्य जन्म और जिनवाणी श्रवण अति दुर्लभ : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अक्कीपेट स्थित वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने उन्नतीसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। महासाध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि आज नवपद आराधना के प्रथम दिवस पर प्रथम पद का वर्णन करते हुए कहा कि णमो शब्द से ज्ञान गुण प्रकट होता है अज्ञान दशा मिटती है। अरिहं शब्द से दर्शन गुण प्रकट होता है और मिथ्यात्व दशा का नाश होता है और ताणं शब्द से चरित्र गुण की प्राप्ति होती है और अविरती कि दशा खत्म होती है। उन्होंने बताया कि वास्तव में यह नवपद की आराधना इतनी उत्कृष्ट कोटि की आराधना है कि जैसे हाथी के पैर में सभी के पैर समा जाते हैं ठीक वैसे ही प्रकार नवपद की आराधना में सभी छोटी बड़ी आराधनाओं का समावेश हो जाता है। नव पद में 14 पूर्व का सार है। आज हमें अरिहंत पद की आराधना करनी है। अरि अर्थात शत्रु। हंत अर्थात नाश करने वाले। श्रावक के भीतर के शत्रु राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ का नाश करने वाले ऐसे अरिहंत परमात्मा चौसठ इंद्रों के वंदनीय, पूजनीय, महारक्षक, महानिर्यामिक है। निर्यामक अर्थात जो हमें संसार रूपी समुद्र में डूबने से बचाए। इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी ने श्रीपाल मैनासुंदरी के चरित्र का बड़े रोचक ढंग से संगाहन किया। साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। आज के नवकार महामंत्र जाप के लाभार्थी स्व. देवीचंद भूरट के पुत्र विनोदकुमार तीर्थकुमार भूरट परिवार रहे। धर्मसभा में हुब्बल्ली अहमदाबाद आदि स्थानों से श्रद्धालु दर्शनार्थ उपस्थित हुए। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# सम्यकज्ञान देवी सरस्वती का महापूजन हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्रीरामपुरम एलएनपुरम श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में मां भगवती सरस्वती माता की आराधना मुनिश्री राजपद्मसागरजी एवं श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में चल रही है। अनुष्ठान के दौरान अनेक भाग्यशालियों ने आज आखिरी दिन मां सरस्वती की आराधना की है। सम्यकज्ञान की देवी मां सरस्वती का महापूजन हुआ। मुनिश्री ने बताया कि जो भी व्यक्ति मां शारदे को याद करता है, उनके नाम का जाप करता है, उस व्यक्ति के जीवन में से अज्ञानता दूर हो जाती है धर्म के मार्ग में आगे बढ़ना हो तो भी ज्ञान की जरूरत पड़ती है, और इस पूजन के अंदर 400 से भी अधिक श्रावक श्राविकाओ ने लाभ लिया।

इस मौके पर संघ के सुरेश भंडारी, प्रसन चंडालिया, चन्दनमल भंसाली, सज्जनराज बरलोटा, राजमल बाफना, मोतीलाल बाफना, मनोज बरलोटा, पूनम बुरड़, विजय सोनी आदि उपस्थित थे। संघ सचिव नरेंद्र आछा ने बताया की पांच दिवसीय सरस्वती अनुष्ठान में अनेक साधकों ने भाग लिया। अनुष्ठान के लाभार्थी संघवी इंदिराबाई विरदी चंद आच्छा परिवार रहे।



# मोक्ष प्राप्ति का साधन है धर्म : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मोक्ष प्राप्ति का साधन है धर्म है। शुक्रवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्म प्रभा ने नवदिवस ओलीजी पर श्रीपाल चारित्र का विवेचन करते हुए कहा कि धर्म की शरण में जो आता वह भव पार हो जाता है। धर्म की शरण के बिना मनुष्य संसार के दुखों से छुटकारा प्राप्त नहीं कर पाएगा। धर्म ही संसार में एक ऐसा अकेला मार्ग जिसे जानकर मनुष्य अपनी आत्मा को पहचान सकता है और अपने सम्पूर्ण दुखों को धर्म के माध्यम से जानकर आत्मा पर जमे अशुभ कर्मो के बंधन को धर्म की शरण से तोड़कर आत्मा को मोक्ष दिला सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभा ने बताया की परमात्मा की वीतराग वाणी अमृत के समान है। जो हमारे मन को शांत और आत्मा को शीतलता प्रदान करती है। श्रद्धा और विश्वास से जो मनुष्य जिनवाणी का श्रवण करता है और धर्म के मार्ग पर चलता वह व्यक्ति ही जीवन शास्वत सुख को प्राप्त करके अपनी आत्मा को संसार से मुक्ति दिलवा सकता है। साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया इस दौरान साध्वी धर्मप्रभा की प्रेरणा से श्री पार्श्व पद्मावती के एकासन तप करने वाली अस्सी से अधिक बहनों के तप सम्पूर्ण होने संघ के अध्यक्ष एम. अजितराज कोठारी, मंत्री हस्तीमल खटोड़, शम्भूसिंह कावड़िया, अशोक सिसोदिया, ज्ञानचन्द चौरड़िया, संजय खाबिया, जवरीलाल कटारिया आदि ने एकासन तप की अनुमोदना की और सम्मान किया।



# मनुष्य जन्म और जिनवाणी श्रवण अति दुर्लभ : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अक्कीपेट स्थित वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने उन्नतीसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। महासाध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि आज नवपद आराधना के प्रथम दिवस पर प्रथम पद का वर्णन करते हुए कहा कि णमो शब्द से ज्ञान गुण प्रकट होता है अज्ञान दशा मिटती है। अरिहं शब्द से दर्शन गुण प्रकट होता है और मिथ्यात्व दशा का नाश होता है और ताणं शब्द से चरित्र गुण की प्राप्ति होती है और अविरती कि दशा खत्म होती है।

उन्होंने बताया कि वास्तव में यह नवपद की आराधना इतनी उत्कृष्ट कोटि की आराधना है कि जैसे हाथी के पैर में सभी के पैर समा जाते हैं ठीक वैसे ही प्रकार नवपद की आराधना में सभी छोटी बड़ी आराधनाओं का समावेश हो जाता है। नव पद में 14 पूर्व का सार है। आज हमें अरिहंत पद की आराधना करनी है। अरि अर्थात शत्रु। हंत अर्थात नाश करने वाले। श्रावक के भीतर के शत्रु राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ का नाश करने वाले ऐसे अरिहंत परमात्मा चौसठ इंद्रों के वंदनीय, पूजनीय, महारक्षक, महानिर्यामक है। निर्यामक अर्थात जो हमें संसार रूपी समुद्र में डूबने से बचाए। इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी ने श्रीपाल मैनासुंदरी के चरित्र का बड़े रोचक ढंग से संगाहन किया। साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। आज के नवकार महामंत्र जाप के लाभार्थी स्व. देवीचंद भूरट के पुत्र विनोदकुमार तीर्थकुमार भूरट परिवार रहे। धर्मसभा में हुब्बल्ली अहमदाबाद आदि स्थानों से श्रद्धालु दर्शनार्थ उपस्थित हुए। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# 'भारत की संस्कृति मंदिरों, मूर्तियों और तीर्थों की संस्कृति है'

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि वीणावादिनी और श्रुतदेवी जैसे नामों से विख्यात भगवती मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी हैं। इनकी आराधना से कोई भी व्यक्ति परम ज्ञान प्राप्त कर सकता है। विद्यारंभ से पहले मां सरस्वती की ही पूजा-आराधना की जाती है, क्योंकि इन्हीं की कृपा से कोई भी व्यक्ति विद्या ग्रहण करने में सक्षम हो पाता है। मां सरस्वती की उपासना से बड़े से बड़ा मूर्ख भी विद्वान बन सकता है। मां सरस्वती जिस पर प्रसन्न हो जाती हैं, उसे कभी कोई पराजित नहीं कर सकता। मां सरस्वती की शरण में जाने वाला व्यक्ति हर जगह अपनी ओजपूर्ण वाणी से हर किसी को अपने वश में कर सकता है। हर एक व्यक्ति के लिए माता सरस्वती की नियमित रूप से उपासना करना अत्यंत आवश्यक है। मां सरस्वती की उपासना से व्यक्ति विद्यासंपन्न, धनवान और मधुरभाषी हो जाता है। जो लोग चाहते हैं कि उनकी वाणी प्रभावशाली और सशक्त हो जाए, वे जब किसी के भी सामने बोलें, तो सामने वाला उनसे प्रभावित हो जाए, या जो लोग बुद्धि, ज्ञान, विद्या और कला का वरदान प्राप्त करना चाहते हैं, ऐसे लोगों को रोज श्वेत कमल पर विराजमान मां सरस्वती की उपासना करनी चाहिए। मेघराज भंसाली ने बताया कि आसोज शुक्ल अष्टमी रविवार को सुबह सरस्वती देवी का महापूजन होगा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.